इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक -29 राजनांदगांव, रविवार 15 दिसम्बर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## राहुल बोले- द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा मांगा, वैसे सरकार युवाओं-किसानों का अंगूठा काट रही



### अनुराग ठाकुर का हमला, बोले- कांग्रेस ने सिखों के गले काटे

नई दिल्ली। आज संसद सत्र के शीतकालीन सत्र के 15वें दिन संविधान पर लगातार दूसरे दिन चर्चा हुई। इस दौरान राहुल गांधी और अनुराग ठाकुर के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूपी में कानून व्यवस्था और पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को घेरा। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर युवाओं और गरीबों का 'अंगूठा काटने' का आरोप लगाया। इस पर अनुराग ठाकुर ने पलटवार करते हुए कांग्रेस पर सिखों के गले काटने का आरोप लगाया। इसके बाद कांग्रेस सांसदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

#### संसद में 'अंगूठा काटने' का मुद्दा गरमाया

राहुल गांधी ने संसद में एकलव्य और द्रोणाचार्य की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि जैसे एकलव्य का अंगूठा काटा गया था, वैसे ही आज सरकार युवाओं और गरीबों का हुनर छीन रही है। राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी नीतियां, जैसे अग्निवीर और पेपर लीक, युवाओं के सपनों को बर्बाद कर रही हैं। राहुल ने कहा कि अडाणी और अंबानी को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार छोटे कारोबारियों और किसानों का नुकसान कर रही है।

#### अनुराग ठाकुर का राहुल गांधी पर पलटवार

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान की बात करते हैं, संविधान को जेब में लेकर चलते हैं। हालांकि, उन्हें यह तक नहीं पता कि इसमें कितने पन्ने हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि गांधी परिवार पर संविधान का उल्लंघन किया। अनुराग ने सिख दंगों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## सबका साथ सबका विकास, संविधान का समान हो-पीएम मोदी

### संसद में पीएम मोदी ने दिए 11 संकल्प



नई दिल्ली। संविधान पर चर्चा के जवाब के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो 11 संकल्प गिनाए वह देश की जनता के साथ-साथ विपक्षी दलों को सरकार की सोच बताने के लिए काफी थी। भ्रष्टाचार तो उनके एजेंडे में शुरू से रहा है लेकिन जिस तरह उन्होंने भ्रष्टाचारी के सामाजिक स्वीकार्यता न होने की बात के जरिए उन्होंने यह संदेश भी दे दिया है कि राजनीति के अपराधीकरण पर आने वाले समय में कुछ कदम उठ सकते हैं।

#### आरक्षण पर कोई आंच नहीं आएगी

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की ओर से एजेंसी के दुरुपयोग को लेकर जो भी आरोप लगाए जाते हो, लेकिन गति बरकरार रहेगी। वहीं यह संकल्प दोहराकर कि जिसे आरक्षण मिल रहा है वह मिलता रहे और धार्मिक आधार पर आरक्षण की कोशिश को रोकने की बात कहकर उन्होंने एक साथ यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आरक्षण पर कोई आंच नहीं आएगी। वहीं, पीएम मोदी ने चर्चा के दौरान 11 संकल्प का भी जिक्र किया।

चाहे नागरिक हो या सरकार सभी अपने कर्तव्यों का पालन करें। हर क्षेत्र हर समाज को विकास का लाभ मिले. सबका साथ और सबका विकास हो। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस हो और भ्रष्टाचारियों की सामाजिक स्वीकार्यता न हो। देश के कानून, देश के नियम और देश की परंपरओं के पालन में नगारिकों को गर्व हो। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिले और अपनी विरासत पर गर्व हो। देश की राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति मिले। संविधान का सम्मान हो और राजनीतिक (शेष पृष्ठ 7 पर...)




### छत्तीसगढ़ विधानसभा का रजत जयंती वर्ष :

## साल भर आयोजित होंगे कार्यक्रम, डॉ. रमन बोले- इसी साल होगा नए भवन का लोकार्पण



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का रजत जयंती वर्ष खास होगा, सालभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, इसके साथ नए विभानसभा का लोकार्पण होगा। इस बात की जानकारी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रजत जयंती के लोगों का विमोचन करने के बाद मीडिया को दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि 14 दिसंबर 2024 से 14 दिसंबर 2025 तक मनाए रजत जयंती वर्ष के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी सदस्यों का स्वागत गणतंत्र ध्वनि के माध्यम से उनका स्वागत किया जाएगा। इस दौरान छाया चित्रों की प्रदर्शनी के अलावा नए विधानसभा के मॉडल की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, विधानसभा परिचय पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा।

डॉ. सिंह ने बताया कि इसके अलावा बहुत से आयोजन बजट सत्र के दौरान होंगे, सत्र में संबोधन के अलावा विधायकों के बीच होने वाले क्रिकेट मैच में राष्ट्रपति को आमंत्रित किया जाएगा, रजत जयंती वर्ष में नए विधानसभा का लोकार्पण की जानकारी देते हुए बताया कि भवन का 75 प्रतिशत से अधिक निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, इस कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रधानमंत्री शामिल होंगे।

#### शीतकालीन सत्र में होंगी चार बैठकें

16 दिसंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र को लेकर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि चार बैठक होंगी, सत्र की शुरुआत 16 दिसंबर को 11 बजे होगी, राज्य सभा के पूर्व सांसद गोपाल व्यास को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 2024 के अनुपूरक आय, विनियोग पर चर्चा होगी, विधि विशेष कार्य के अंतर्गत निम्नलिखित छत्तीसगढ़, विधानसभा वेतन भत्ता पर चर्चा होगी। 814 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, सदस्यों से 16 दिसंबर के स्थिति में सूचनाएं प्राप्त हुई है. विधानसभा में और क्या विषय लेंगे, उस पर आगे चर्चा करेंगे।

## संभल में प्रशासन ने खोजा प्राचीन मंदिर : 46 साल से कमरे में बंद थे शिवलिंग, नंदी और बजरंगबली; ऐसे खुला राज



### 1978 में दंगे के बाद हिंदू परिवार ने छोड़ा था ये घर

संभल। शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में शनिवार सुबह जिला प्रशासन ने अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। इस दौरान 46 साल से बंद भगवान शिव का मंदिर खुलवाया गया। यह मंदिर महमूद खा सराय इलाके में एक बंद मकान में पाया गया, जो 1978 के दंगे के दौरान हिंदू परिवार का था।

#### संभल में बंद मंदिर और कुएं की खोदाई

बाद में मकान बेच दिया गया और तब से यह बंद पड़ा था। जिला अधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई की निगरानी में मंदिर की सफाई कराई गई और कुएं की खुदाई शुरू कराई गई है। डीएम पेंसिया ने बताया कि मकान के मालिकाना हक को लेकर जांच की जा रही है। साथ ही, शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और बिजली चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी है। प्रशासन की टीम ने इलाके में सड़कों, नालों से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए इस अभियान में 300 से अधिक मकानों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इनमें कई मस्जिदें भी शामिल हैं। टीम ने पाया कि एक मस्जिद में 59 पंखे, एक फ्रिज, वॉशिंग मशीन और 25-30 लाइट प्वाइंट बिजली चोरी से चलाए जा रहे थे। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि दोषियों पर कार्रवाई हो रही है। पुलिस ने बिजली विभाग की टीमों की सुरक्षा के लिए क्षेत्र में दो प्लाटून पुलिस बल तैनात किया है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

#### मस्जिदों में भी बिना कनेक्शन चलती मिली बिजली

नखासा थाना क्षेत्र में डीएम डॉ राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने रायसत्ती, नखासा, हिन्दूपुरा खेड़ा और दीपा सराय में चेकिंग अभियान चलाया। कई मकानों में बिजली चोरी पकड़ी है। इसमें कई मस्जिदें भी शामिल हैं। सभी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जानी है। लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा। डीएम ने बताया कि संभल शहर में सबसे ज्यादा लाइनलॉस इन्हीं इलाके में होता है। हर महीने करोड़ों रुपये की बिजली चोरी की जाती है। बिजली विभाग की टीम प्रभावी तरीके से कार्रवाई नहीं कर पाती है। इसलिए यह कार्रवाई शनिवार की सुबह से शुरू कराई गई है। बताया कि अतिक्रमण भी हटवाया जा रहा है। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## किसान नेता ने पंजाब में 16 और 18 दिसंबर को ट्रैक्टर मार्च और रेल रोको का ऐलान किया



नई दिल्ली। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने घोषणा की कि 16 दिसंबर को पंजाब के बाहर ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा, उसके बाद 18 दिसंबर को पंजाब में 'रेल रोको' किया जाएगा। यह घोषणा शंभू बॉर्डर पर पुलिस द्वारा सुरक्षा चिंताओं के कारण रोके गए 101 किसानों के 'जत्थे' को दिन के लिए वापस बुलाए जाने के कुछ घंटों बाद हुई।

पंधेर ने दावा किया कि शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल करने के बाद 17 किसान घायल हो गए। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कई किसान गंभीर हालत में हैं और धिकारियों पर अस्पताल में उपचार प्रदान करने में लापरवाही का आरोप लगाया। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने विकास के अनेक आयाम स्थापित किए - गीता साहू

राजनांदगांव (दावा)। शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रेस वार्ता ली। इस दौरान अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत विक्रांत सिंह, सभापति जिला पंचायत अशोक देवांगन, सदस्य जिला पंचायत राजेश श्यामकर, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं पत्रकारगण उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया है और उपलब्धियां हासिल की है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने कहा कि सरकार ने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकॉर्ड खरीदी की। हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का अंतरण भी किया। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए तीन माह के भीतर ही महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6530 करोड़ रूपए अंतरित किए जा चुके हैं। जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। इस निर्णय पर तेजी से अमल करते हुए आवासों के निर्माण के लिए बड़ी राशि भी जारी की गई। सरकार ने प्रदेश के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने की योजना शुरू की। लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बहाल करने के साथ-साथ पांच साल के एरियर्स का भुगतान भी किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के संदेश के अनुरूप हमारी सरकार ने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया है। जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, रेल और हवाई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। अम्बिकापुर के हवाई अड्डे से भी अब हवाई सेवा की शुरूआत हो गई है। राज्य में पांच शक्ति पीठों का विकास किया जा रहा है। इसके लिए चार धाम की तर्ज पर एक हजार किलोमीटर की परियोजना शुरू की जा रही है। छत्तीसगढ़ के साथ भगवान राम का गहरा नाता है। वे हमारे भांजे हैं। उन्होंने वनवास के 14 सालों में से 10 साल यहीं गुजारे। हमारी सरकार की कोशिश है कि दुनिया भगवान श्रीराम से हमारे इस रिश्ते को जानें। प्रदेश में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू करके हमने यहां के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की, ताकि भगवान राम से अपने रिश्ते को और सघन कर सकें। राज्य में गुड गवर्नेंस स्थापित करने के लिए शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की रियल टाइम मॉनिटरिंग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। नागरिकगण मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों से सहजता से मुलाकात कर सकें, इसके लिए मंत्रालय में प्रवेश के लिए स्वागतम पोर्टल और घर बैठे रजिस्ट्री के लिए सुगम एप शुरू किया गया है। प्रदेश में नक्सलवाद का सफाया हो रहा है और दुर्गम क्षेत्रों तक लोकतंत्र पहुंच रहा है। अपने वादे के मुताबिक सरकार ने सीजीपीएससी परीक्षा प्रणाली को बेहतर एवं पारदर्शी बनाया है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने से एक साल में राज्य ने बहुत तेजी से प्रगति की है। केन्द्र से हमें भरपूर सहयोग और समर्थन मिला है। इस दौरान 31 हजार करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के लिए स्वीकृत की गई है। दो सालों में छत्तीसगढ़ में सड़कों का मजबूत नेटवर्क होगा। साथ ही रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए हमें केन्द्र से अनेक महत्वपूर्ण रेल लाइनों की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल ने जिले की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत



## राज्य शासन एवं जिले की उपलब्धियों की दी गई जानकारी

जिले में 1 लाख 33 हजार 32 किसान पंजीकृत है। जिनमें से 3.8 प्रतिशत नवीन किसानों का पंजीयन वर्ष 2024-25 में किया गया है। जिले में पंजीकृत रकबा 156584.81 हेक्टेयर है। अब तक 288915 मीट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में कुल राशनकार्ड की संख्या 249945 है। जिसमें से वर्ष 2024 में 13638 नवीन राशनकार्ड बनाये गये। महतारी वंदन योजना के तहत जिले के 2.57 लाख महिलाओं को 242 करोड़ रूपए से लाभान्वित हो गए हैं। 5 फरवरी से प्रारंभ है। 21 वर्ष से अधिक आयु की पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए दिया जा रहा है। वर्तमान में 10 किस्तों में भुगतान किया जा चुका है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 45.35 लाख मानव दिवस के विरूद्ध 37.94 लाख मानव दिवस अर्जित किया जा चुका है। जिसमें से 76 प्रतिशत मानव दिवस महिला श्रमिकों द्वारा अर्जित किये गये है। वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु प्राप्त मानव दिवस का लक्ष्य 54.61 लाख के विरूद्ध 58.08 लाख (109 प्रतिशत) मानव दिवस की उपलब्धि अर्जित की गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष 2016-17 से 2022-23 में 27423 आवास स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें से 27033 आवास पूर्ण कराते हुए राज्य में जिला प्रथम स्थान पर हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वित्तीय वर्ष 2024-25 में 17919 हितग्राहियों के आवास स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें से 16812 हितग्राहियों को प्रथम किश्त 2277 को द्वितीय किश्त एवं 36 हितग्राहियों के आवास पूर्ण हो चुके है। उन्होंने बताया कि सरकार ने अच्छा कार्य किया है और जिला प्रशासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए योजना का अच्छा क्रियान्वयन किया गया है। लोकतंत्र सेनानी को भुगतान (मीसा बंदियों) के तहत जिले में कुल 9 लोकतंत्र सेनानी अथवा उनके आश्रित निवासरत है। पिछले 5 वर्षों का कुल रशि 51,97,500 रूपए का एरियर्स भुगतान किया गया है एवं प्रतिमाह कुल राशि 82500 रूपए भुगतान मीसा बंदियों को किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 19 सड़क स्वीकृत है, जिसकी लंबाई 52.39 किलोमीटर है। स्वीकृत राशि 8352.19 लाख रूपए है, जिसमें से 2 कार्य पूर्ण 26.68 किलोमीटर शेष प्रगतिरत है।

अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल ने बताया कि तेन्दुपत्ता संग्रहण के तहत वनांचल क्षेत्र में तेंदूपत्ता तोड़ाई करने वालों के लिए 51 समितियों द्वारा 51,783 संग्राहकों के द्वारा 70,235.260 मानक बोरा तेन्दुपत्ता संग्रहण किया गया है। जिसमें राशि 38,62,93,932 रूपए का भुगतान किया गया है। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में 96,48.310 मानक बोरा अधिक संग्रहण हुआ। जिसमें संग्रहकों की संख्या 4,657, राशि 14,39,49,132 रूपए की वृद्धि हुई है। एक पेड़ माँ के नाम के तहत 41908 पौधों का वितरण रोपण किया गया। 1,30,732 पौधों का वितरण किया। पीएमश्री स्कूल योजना के तहत वर्ष 2023-24 में 7 प्राथमिक शालाओं को एवं 2024-25 में विकासखण्ड स्तर के सेसेज स्कूलों का चयन पीएमश्री स्कूल योजना के तहत किया गया है। वर्ष 2024 में 61714 आय, 63535 जाति एवं 64968 निवास प्रमाण पत्र विद्यार्थियों को प्रदाय किया जा चुका है। वर्ष 2024 में 1,79,913 विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, 97083 निःशुल्क गणवेश एवं 6538 निःशुल्क सायकल वितरण किया गया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत वर्ष 2024 में योजना अंतर्गत 84419 हितग्राहियों का कार्ड बनाया गया है। साथ ही 67644 लोगों का क्लेम प्रकरण में 1,18,09.96,921 राशि का लाभ दिया गया है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं को धरातल तक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को शासन की योजनाओं से जागरूक करने के लिए युवोदय की टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है। प्राथमिक स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में जनसहभागिता से संपर्क डिवाईज दिया जा रहा है। अब तक 731 स्कूलों में संपर्क डिवाईज लगाए गए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे पोट्ठ लईका के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसमें व्यवहार परिवर्तन पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य का व्यवहार परिवर्तन करते हुए उन्हें बच्चों के सुपोषण के लिए जागरूक किया जा रहा है। अब तक 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे सुपोषण की श्रेणी में आ गए हैं। बच्चे हमारे देश का भविष्य है, उनको स्वस्थ रहना आवश्यक है। इसी तरह किशोरी बालिकाओं के लिए जिले में स्वस्थ नोनी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उनके हिमोग्लोबिन तथा स्वास्थ्य की जांच की जा रही है तथा उन्हें पौष्टिक आहार तथा स्वच्छता आदतों के बारे में बताया जा रहा है। जल संरक्षण के लिए मिशन जल रक्षा चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले में भू-जल स्तर में हो रही गिरावट को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है तथा जल संरक्षण के लिए वाटर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारगण उपस्थित रहें।

# आज खुलेगा भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने वालों का लिफाफा

- जिलाध्यक्ष बनने के दौड़ में कोमल, दीपक के अलावा सौरभ, राजा माखीजा व आलोक बिंदल भी शामिल
- महिला आरक्षण से भाजपा महिला कार्यकर्ताओं की बांछे खिली

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा के सांगठनिक चुनाव का माहौल दिनों-दिन गर्म होते जा रहा है। जानने में आया है कि जिला भाजपा अध्यक्ष से लेकर शहर के उत्तर/दक्षिण मंडल अध्यक्ष व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के लिए दर्जनों नाम आए हैं। मंडल अध्यक्ष बनने के इच्छुक भाजपाइयों ने अपने नाम का लिफाफा संगठन चुनाव प्रभारी के हाथों सौंप दिया है। आज 15 दिसंबर को उक्त लिफाफा खोला जाएगा। फिर उसमें से सामने आए नाम का चयन कर उस पर वरिष्ठों द्वारा मंथन किया जाएगा इसके बाद ही मंडल अध्यक्षों के नाम डिक्लेयर किए जाएंगे।

सूत्रों की मानें तो भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के लिए मनोज, साहू का नाम तेजी से उभरा है और इस नाम पर किसी को आपत्ति होते नहीं दिख रही। इसी तरह उत्तर ब्लाक शहर अध्यक्ष के लिए युवा नेता आलोक श्रोती, सुमीत भाटिया, ऋषिदेव चौधरी (बउवा), पार्षद मणि भास्कर गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव के नाम में से किसी एक पर मुहर लग सकती हैं। वहीं दक्षिण ब्लाक के लिए मनोज निर्वाणी, गोलू सूर्यवंशी, आकाश चोपड़ा व गोलू गुप्ता के नाम हवा में तैर रहे हैं। अब देखना है कि उपरोक्त नामों में से किस नाम पर भाजपा महानुभावों की नजरें इनायत होती है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का झुकाव किस दावेदार की ओर होगा, यह महत्वपूर्ण बात होगी। अध्यक्ष का सेहरा उसी के सर पर होगा।

## महिलाओं के लिए आरक्षण

भाजपा द्वारा अपने संगठन चुनाव में महिलाओं के लिए आरक्षण तय किया गया है। भले ही शहर के दोनों मंडल अध्यक्ष के लिए पुरुष दावेदारों के नाम सामने आए हैं। लेकिन ग्रामीण मंडल सहित 14 मंडलों में महिलाओं के लिए जगह बनाया जाना सुनिश्चित है।

महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट रिजर्व रखा जाना है। इधर भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारों की लिस्ट लंबी होते देख किसी तीन नाम का पैनल तैयार किया जा रहा है। 25 दिसंबर को इसका भी लिफाफा खुलेगा तत्पश्चात उपरोक्त दावेदारों में से तीन नाम चयन कर या तो प्रदेश संगठन को चयन के लिए भेजा जाएगा या फिर यही सर्व सम्मति से माह के अंत तक डिक्लेयर कर दिया जाएगा। जानने में आया है कि जिलाध्यक्ष के लिए आए कुछ नए नामों के दावेदारों ने अभी तक अपने दावेदारी के आवेदन जमा नहीं किए हैं। उनमें से एक सिंधी समाज के राजा माखीजा भी है। उन्होंने समाज की ओर से महापौर के लिए भी दावेदारी ठोक दी है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारी की सूची लंबी

बता दें कि इस बार का संगठन चुनाव युवाओं पर फोकस है। इससे भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। लेकिन जिला अध्यक्ष के लिए कार्य अनुभव को तरजीह देते हुए इसके लिए अधिकतम आयु 60 वर्ष रखी गई है। यदि इस आयु सीमा के अंतर्गत पूर्व मंडी अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व पार्षद दीपक चौहान, तरुण लहरवानी, शिव वर्मा, सावन वर्मा और नए उभरे नामों में सिंधी समाज के राजा माखीजा, युवा व्यवसायी सौरभ कोठारी, भाजपा कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल आते हैं तो निश्चित ही उनके नाम पर विचार हो सकता है क्योंकि इसके लिए बनी समन्वय समिति में सबकी रायशुमारी के बाद किसी एक नाम पर सहमति बनने पश्चात उक्त नाम को जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए डिक्लेयर किया जाएगा। लेकिन इसके लिए दो दशक से नांदगांव का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह की कृपा दृष्टि होनी आवश्यक है। मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष के दावेदारों की लाबिंग इन दोनों महानुभावों के इर्द गिर्द घुमती दिखाई दे रही है।

# भाजपा सरकार के एक साल बेमिसाल, महिलाओं की इज्जत तार तार

## महिला कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। इस कार्यक्रम के तहत जिला महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष रामछत्री चंद्रवशी के नेतृत्व में महिलाओं ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया।

उक्त प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, महापौर हेमा देशमुख, पूर्व विधायक खुज्जी छन्नी साहू, रमेश डाकलिया, ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस माया शर्मा, शारदा तिवारी, रोशनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, संध्या साहू, चंद्रिका वर्मा, अंजली घावड़े, सुलोचना मारकंडे, प्रज्ञा गुप्ता, प्रतिमा बंजारे, रीना पटेल, चंद्रकला देवांगन, कुसुम दुबे, खैरून निशा, फरहा खान, दुर्गा देवांगन, शकुन यादव, झम्मन देवांगन, हेमीन ढीमर, रानी केवट, अनिता पाल, ललिता साहू, विद्या तिरक्की, कमला वर्मा, ईश्वरी, उत्तरा, अमित चंद्रवंशी, चेतन सिन्हा, अतुल शर्मा, विवेक सिन्हा आदि उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता श्रुति शुक्ला ने बताया की विष्णु देव साय सरकार के एक साल के ही कार्यकाल में आज छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है, लगातार लूट, डकैती, हत्या और सबसे अधिक महिलाओं के साथ हो रहे अनाचार के मामले में बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद शासन इन अपराधों में शिकंजा कसने कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। आज छत्तीसगढ़ की माताएं, बहनें स्वयं को असुक्षित महसूस कर रही है। क्या यही है विष्णु का सुशासन है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से भी महिलाओं को ठगा जा रहा है, जिन महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत राशि दी जा रही है, उनके वृद्धा पेंशन में कटौती कर दी गई है।

जिला अध्यक्ष रामछत्री चंद्रवंशी ने कहा अगर जल्द ही सरकार छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था को दुरुस्त नहीं कर पाती है तो निश्चित ही आगे ये प्रदर्शन उग्र रूप से किया जाएगा।

## महंत हरिश सिंह का निधन



राजनांदगांव (दावा)। डॉ.बाबा श्रीगणेश हनुमान मंदिर के महंत का कल रात दस बजे रायपुर बालाजी अस्पताल में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मिलचाल स्थित निवास स्थल से दोपहर को निकलेगी। श्री गणेश मंदिर मौनी बाबा आश्रम की तरफ से महंत डॉक्टर बाबा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। श्रीगणेश उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। आज दोपहर लखोली श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पोता राहुल सिंह ने दिया। इस अवसर पर मिथिलाधाम मंदिर राजनांदगांव के सदस्यगण शामिल हुए। उनके समस्त परिवार भाई, दामाद, नाती एवं ईष्ट मित्रगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## रैना बाई सहारे का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। आई रमा नगर वार्ड न.9 कालकापारा निवासी रैना बाई सहारे का आकस्मिक निधन शनिवार को सुबह 7 बजे हो गया। वह रमेश सहारे की मां थी। इनकी शव यात्रा दोपहर 2 बजे छीरपानी मुक्तिधाम के लिये निकाली गई।

# सब जूनियर नेशनल कराते चौंपियनशिप में संस्कारधानी के चार बच्चे आज दिखाएंगे दम

राजनांदगांव (दावा)। नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आज 15 दिसंबर को सब जूनियर नेशनल कराते चौंपियनशिप में राजनांदगांव शहर के चार बच्चे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपनी प्रतिभा के दम पर छत्तीसगढ़ के लिये पदक जीतने का प्रयास करेंगे।

यह बच्चे पिछले कई वर्षों से छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक एवं राजनांदगॉव जिले के निवासी शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के पर्यवेक्षण में कराते का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है एवं राज्य तथा राष्ट्र स्तर पर शहर का नाम रोशन कर चुके है। संस्कारधानी के इन प्रतिभावान खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है -



बालक वर्ग शिवांश सोनी (कुमिते 20 कि ग्रा), कबीर साहू (काता कुमिते प्लस 35 कि.ग्रा), बालिका वर्ग- अवनी खंडेलवाल (काता कुमिते प्लस 35 किग्रा), ख्याति साहू (कुमिते -40 कि.ग्रा)।

इन बच्चों को छत्तीसगढ़ कराते डू एसो. के अध्यक्ष विजय तिवारी, महासचिव अमल तालुकदार, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हाया नायडू, कोषाध्यक्ष डी. रमेश, उपाध्यक्ष अमर वरिष्ठ, उपाध्यक्ष मुरली सिंह भारद्वाज, गुण्डाधुर सम्मानित अंबर सिंह भारद्वाज राजनांदगांव जिले के प्रशिक्षक ईशब सिंह राजपूत, लोकिता साहू, तरुण साहू, ओमनेहा सिन्हा ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिये शुभकामनाएं दी हैं।

## पुराना ढाबा में ग्राम मेला एवं गुरूघासीदास जयंती पर्व 18 को


राजनांदगांव (दावा)। परमपुज्य बाबा गुरूघासीदास के जंयती के अवसर में ग्राम पुराना ढाबा वार्ड क्र.04 राजनांदगांव में प्रतिवर्ष अनुसार दिनांक 18 दिसम्बर दिन बुधवार को गुरूघासीदास जयंती पर्व पर शोभायात्रा पंथीदल द्वारा निकालकर ध्वाजारोहण कार्यक्रम साथ ही ग्राम मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन हेतु न्यू सरगम नाचा पार्टी ग्रा. तेंदुआ धमतरी का रखा गया है यह जानकारी सतनामी समाज सेवा समिति पुराना ढाबा के युवा अध्यक्ष ओम प्रकाश कुर्रे ने प्रदान किया।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 11.30, 3.15 व 8 बजे रात्रि
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण समय का ध्यान रखें
पुष्पा 2
कलाकार - अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाज़िल आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm bookmyshow
SILVER SCREEN MULTIPLEX
05th Dec To 12th Dec 2024



Pushpa The Rule 2 -
09:45am, 10:00am, 10:15am, 01:30pm, 01:45pm, 02:00pm, 05:15pm, 05:30pm, 05:45pm, 09:00pm, 09:15pm and 09:30pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# गुरुघासीदास जयंती पर सतनामी समाज द्वारा विविध कार्यक्रम



**पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे मुख्य अतिथि**

राजनांदगांव (दावा)। महान संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन जिला सतनामी सेवा समिति प.क्र. 5041 द्वारा किया जा रहा है, घासीदास की जयंती के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र में भी समाज द्वारा कार्यक्रम में आने का आहवान किए हैं।

शिरोमणी परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती 268वीं मनाया जाएगा जिसमें दिनांक 15-17-18 दिसम्बर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला सतनामी सेवा समिति, पंजी. क्र. 5041 राजनांदगांव के तत्वाधान में 18 दिसम्बर 268वीं शिरोमणी परम् पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती के पावन पर्व पर 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। गुरु घासीदास मनखे-मनखे एक समान के मानव कल्याण व समता समरसता बंधुत्व के उद्देश्य को अंगीकार करता है। कार्यक्रम दिनांक 18 दिसम्बर बुधवार, समय दोपहर 12 बजे जैतखाम में ध्वजारोहण (समाज के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा) सतनाम भवन, जी.ई. रोड, राजनांदगांव कार्यक्रम दिनांक 15 दिसम्बर रविवार, समय दोपहर 12 बजे भव्य बाईक रैली स्थान सतनाम भवन, राजनांदगांव (छ.ग.) से दिनांक 17 दिसम्बर मंगलवार, समय दोपहर 12 बजे विशाल शोभायात्रा (रैली) रात्रि में जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता एवं मंचस्थ कार्यक्रम में अतिथिगण मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, अध्यक्षता श्रीमती हर्षिता स्वामी विधायक, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद व पूर्व महापौर मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि धनेश पाटिला पूर्व विधायक, रामजी भारती पूर्व विधायक, भुनेश्वर बघेल पूर्व विधायक, श्रीमती सरोजनी बंजारे पूर्व विधायक, भरत वर्मा (प्रदेश महामंत्री भाजपा) सचिन बघेल (अध्यक्ष जिला सह. केन्द्रीय बैंक) रमेश पटेल (जिलाध्यक्ष भाजपा राज.), नीलु शर्मा (प्रदेश प्रवक्ता भाजपा), दिनेश गांधी (पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राज.), श्रीमती प्रतिक्षा भण्डारी (अध्यक्ष जनपद पंचायत), भागवत साहू (जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस), पदम कोठारी (पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस), जितेन्द्र मुदलियार (पूर्व युवा आयोग), कुलबीर छाबड़ा (शहर अध्यक्ष कांग्रेस राज.), पारस वर्मा (वार्ड पार्षद, क्र. 16), चेतन चन्देल (समाजसेवी) उपस्थित रहेंगे।

# उदयाचल में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा होगी प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा बीमा जो कि एपीएल और बीपीएल दोनो के लिए एवं 70 वर्ष के ऊपर के बुजुर्गों के लिए विशेष सुविधा का लाभ लेने के लिए आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक हैं।



**शिविर सोमवार 16 दिसंबर से प्रारंभ हो निरंतर रहेगा**

इसके अंतर्गत राज्य के पंजीकृत चिकित्सालय में कई बीमारीयों का इलाज एपीएल के लिए 50,000 तक, बीपीएल के लिए 5 लाख तक एवं सभी बुजुर्गों के लिए 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान की गई है। प्रशासन की पहल पर नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये सेवाभावी संस्था उदयाचल ने शहर के मध्य स्थित उदयाचल नेत्र चिकित्सालय में यह सुविधा प्रदान की हैं।

सोमवार 16 दिसंबर से प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रूम नं. 8 में आयुष्मान कार्ड बनाने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। चिकित्सा प्रभारी पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने जिले के आम नागरिको सें अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग इसका लाभ लेवें।

**कार्यालय राजस्व मंडल ठाकुरटोला तहसील व जिला राजनांदगांव**

**सूचना पत्र**

श्री किशोर अवचट पिता रामाजी अवचट जाति नि. गुड़ाखू लाईन राज. के द्वारा नक्शा सुधार बंटाकन हेतु न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार आपको सूचित किया जा रहा है कि तहसीलदार / नायब तहसीलदार राजनांदगांव के आदेश क्रमांक क प्र.त. / 2004 दिनांक 26/09/2024 के अनुसार ग्राम टेकवा प.ह.नं. 57 में स्थित भूमि खसरा नं. 357/42 रकबा 0.3280 हे. दिनांक 17/12/2024 समय 11.00 बजे से को नक्शा सुधार बंटाकन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः आवेदक एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार अपने-अपने भूमि स्वत्व संबंधी दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित होवें।

क्र. सूचना तामिली हेतु पक्षकारों के नाम, पिता / पति का नाम, सूचना प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर- 1. कमल किशोर मुंदड़ा पिता अनिल कुमार, 2. दीपेश पटेल पिता हीराभाई पटेल, 3. प्रकाशचंद देवांगन पि. जेशुराम, 4. हल्का पटवारी (प.ह.नं. 57), 5. ग्राम कोटवार (श्री सतीश)।

दिनांक : 12/12/2024

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. ठाकुरटोला

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

667-9 378-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


मैं हूँ बदलता बस्तर
नया बस्तर देखने के लिए स्कैन करें
श्री अमित शाह
माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
संवाद:- 42449/25

## अनमोल दावा

> इंसान हमेशा अपने भाग्य को कोसता है, यह जानते हुए भी कि भाग्य से भी ऊंचा उसका कर्म है, जो उसके स्वयं के हाथों में है।

## सुप्रीम कोर्ट का पूजा स्थलों पर दावों की सुनवाई पर रोक सामाजिक शांति के लिए महत्वपूर्ण कदम

सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में क्या फैसला करता है, देखने की बात है, मगर हमारे संविधान की मूल भावना क्या है, उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। हमारा संविधान पंथ निरपेक्षता और दूसरे धर्मों का आदर करने की वकालत करता है।

पिछले कुछ समय से जिस तरह उपासना स्थलों पर दावेदारी की कोशिशें चल रही हैं, उसमें सर्वोच्च न्यायालय का ताजा निर्देश निश्चय ही राहत देने वाला है। न्यायालय की तीन जजों की पीठ ने देश की सभी अदालतों से कहा है कि वे पूजा स्थलों से संबंधित सर्वेक्षण या अन्य किसी प्रकार की राहत के लिए अनुरोध वाली याचिका पर विचार न करें या कोई अंतरिम या अंतिम फैसला न सुनाएं। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर को लेकर दावा किया गया था कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। विवाद बढ़ गया तो न्यायालय के निर्देश पर उस स्थान का सर्वेक्षण कराया गया। फिर उसके तथ्यों के आधार पर मस्जिद परिसर के एक हिस्से में हिंदू श्रद्धालुओं को पूजा करने का आदेश दे दिया गया।

वह फैसला एक नजीर बन गया और फिर देश के विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों के नीचे किसी हिंदू मंदिर के अवशेष दबे होने के दावे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के संभल में एक मस्जिद को लेकर इसी तरह के दावे की याचिका पर निचली अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। उस पर हिंसा भड़क उठी और पांच लोग मारे गए। उसके बाद अजमेर दरगाह के हिंदू मंदिर की जगह बने होने का दावा किया गया, तो वहां की अदालत ने उसके सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। इन घटनाओं से विवाद बढ़ता गया।

हालांकि पूजा स्थलों पर ऐसे दावे कोई पहली बार नहीं किए जा रहे हैं। पहले भी अयोध्या के विवादित ढांचे के साथ-साथ अलग-अलग शहरों में मस्जिदों और दरगाहों को अवैध ठहराने की कोशिशें की गई थीं। उसी के मद्देनजर उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 बनाया गया। उसमें स्पष्ट कहा गया है कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरूप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन था। इसमें अयोध्या के विवादित ढांचे को इसलिए अलग रखा गया था कि उसे लेकर मामले पहले से चल रहे थे। मगर ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण के बाद फिर से वैसे दावे शुरू हो गए और उपासना स्थल अधिनियम को नजरअंदाज किया जाने लगा।

अब तो सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कराई गई है कि उपासना स्थल अधिनियम की धारा दो, तीन और चार को रद्द करने का आदेश दिया जाए। इस पर सर्वोच्च न्यायालय विचार करेगा। इसलिए भी निचली अदालतें स्वत- पूजा स्थलों के स्वरूप परिवर्तन आदि के लिए दायर याचिकाओं पर सुनवाई टालने को बाध्य हैं। जब भी समान प्रकृति के किसी मामले पर सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई कर रहा होता है, तो उस पर निचली अदालतों को अपनी सुनवाई रोक देनी होती है। उपासना स्थल अधिनियम से जुड़े मामलों पर भी यही नियम लागू होता है।

सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में क्या फैसला करता है, देखने की बात है, मगर हमारे संविधान की मूल भावना क्या है, उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। हमारा संविधान पंथ निरपेक्षता और दूसरे धर्मों का आदर करने की वकालत करता है। वैसे भी हमारा इतिहास आक्रांताओं की ज्यादतियों से भरा पड़ा है। अगर उनकी बनाई इमारतों, पूजा स्थलों को ढहा कर उन पर नया स्वरूप खड़ा भी कर दिया जाए, तो वह इतिहास नहीं बदलेगा। इस तरह की बदले की कार्रवाइयों से सामाजिक समरसता ही भंग होगी। अच्छी बात है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह की दावेदारी वाली याचिकाओं की सुनवाई पर रोक लगा दी है। मगर इसे लेकर अंतिम रूप से कोई व्यवस्था बनाने की दरकार है।

# 24 वर्षों से विधान निर्माण के माध्यम से विकास के नव आयाम स्थापित कर रही है छत्तीसगढ़ विधानसभा

### प्रदेश के सर्वोच्च सदन की आसंदी की गरिमा को बनाये रखना मेरे लिए महत्वपूर्ण दायित्व - डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष छग विधानसभा



**डॉ. रमन सिंह**

01 नवम्बर 2000 का दिन जब केवल भारत के मानचित्र पर कुछ नई रेखाएं नहीं खिंची गई बल्कि डॉ. खूबचंद बघेलए ठाकुर प्यारेलाल सिंहए हरि ठाकुरए केयूर भूषण, केशव सिहं ठाकुर और चंदूलाल चंद्राकर जैसे महापुरुषों के दशकों के प्रयासका प्रतिफल रहा कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की मांग के लिए मध्यप्रदेश विधान सभा में सर्वप्रथम श्री महेश तिवारी (सदस्य, जनता पार्टी) द्वारा 28 जून सन् 1991 को मध्यप्रदेश राज्य को तीन पृथक प्रदेशों में विभाजित कर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हेतु केन्द्र से अनुरोध किये जाने हेतु प्रस्तुत अशासकीय संकल्प अस्वीकृत हो गया। इसके बाद इसके बाद गोपाल परमार ने 18 मार्च 1994 को एक अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया सदन का यह मत है कि मध्यप्रदेश के विस्तृत क्षेत्र, भाषा, सांस्कृतिक परंपराएँ, कानून व्यवस्था तथा जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ क्षेत्र को अलग कर पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाये जाने की शासन आवश्यक पहल करें। इस पर तीन घंटे की चर्चा उपरांत संकल्प सर्वानुमति से स्वीकृत हुआ। फिर 15 अप्रैल 1998 को मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन मंत्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने मध्यप्रदेश विधान सभा में 15 अप्रैल 1998 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के निर्णय पर भारत सरकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किये जाने का शासकीय संकल्प प्रस्तुत किया जो पारित हुई।

मुझे आज भी श्रद्धेय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी का सप्रेशाला मैदानए रायपुर की सभा में वो उद्बोधन याद है, जहाँ उन्होंने जनता से वादा करते हुए कहा था कि (आप मुझे 11सांसद दो और मैं आपको छत्तीसगढ़ दूंगा।) वर्ष 1998 में बारहवीं लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र में भी पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति संकल्प लिया गया था और इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश पुनर्गठन विधेयकश् लोकसभा में 31 जुलाई 2000 तथा राज्यसभा में भी 09 अगस्त 2000 को पारित हुआ। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर उपरांत 01 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से पृथक होकर देश के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान और छत्तीसगढ़वासियों को आकांक्षाओं को सम्मान मिला।

आजादी के पूर्व से छत्तीसगढ़ प्रान्त के संसदीय ज्ञान और लोकप्रिय नेताओं का सदन में रहा है प्रतिनिधित्व। छत्तीसगढ़ को भले ही भारत के नक्शे में पहचान सन 2000 में मिली लेकिन छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व आजादी के पूर्व से सीपी एंड बरार में दिखाई देता रहा, जब पहली बार 31 अप्रैल 1937 को दुर्ग के संजारी बालोद से चुनाव जीतकर घनश्याम सिंह गुप्त जी सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार के अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष चुने गए। श्री गुप्त जी लगातार 3 बार (1937-1952) 15 वर्षों तक विधानसभा अध्यक्ष पद को सुशोभित करते रहे। इसके साथ ही जब 1935 के भारत शासन अधिनियम के अनुसार विधानसभा की भाषा आवश्यक रूप से अंग्रेजी थी तब श्री गुप्त जी ने 1937 में विधानसभा की भाषा हिंदी और मराठी कर दीए अपनी मातृभाषा के प्रति तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष घनश्याम सिंह गुप्त जी का समर्पण और राष्ट्र के प्रति प्रेम ही था, जिसकी वजह से वह न केवल संविधान सभा के सदस्य बने बल्कि विधानसभा के द्वारा उन्हें संविधान के हिंदी ड्राफ्ट कमेटी का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की इच्छा के अनुरु उन्होंने 2 वर्ष 6 माह के अंतर्गत भारतीय संविधान का हिंदी ड्राफ्ट प्रस्तुत किया।

सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार के सदन में छत्तीसगढ़ प्रान्त के दिग्गज नेताओं की प्रमुख भूमिका थी। यह अद्भुत संयोग था कि छत्तीसगढ़ अंचल के पंण् रविशंकर शुक्ल सदन के नेता मुख्यमंत्री के रूप में थे छत्तीसगढ़ अंचल के ठाकुर प्यारेलाल सिंह नेता-प्रतिपक्ष और उसी समय घनश्याम सिंह गुप्त जी सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार विधानसभा अध्यक्ष की आसंदी पर थे। मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के रूप में इसी अंचल के दुर्ग से श्री विश्वनाथ यादव राव तामस्करए श्यामाचरण शुक्ल भी रहे। इनके अलावा छत्तीसगढ़ अंचल के मोतीलाल वोरा दो बार मध्यप्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री हुए। वर्ष 1985-90 में छत्तीसगढ़ के स्वण् राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे।

लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्यों एक पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की आवश्यकता पड़ी जब छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व इतना मजबूत था और छत्तीसगढ़ के नेताओं का इतना प्रभाव था तब क्यों इस प्रदेश के लोगों के मन में एक पृथक राज्य की भावना थी। इसके लिए जब हम इतिहास के पन्ने पलट कर देखते हैं तब संयुक्त मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ का क्षेत्र खनिज और अन्य संपदाओं से भरपूर होने के उपरांत भी वंचित और उपेक्षित नजर आता हैएक्योंकि भोपाल स्थित विधानसभा तक हमारे क्षेत्र की आवाज को पहुंचाना और जनकल्याणकारी योजनाओं से इस अंचल को जोड़ना बहुत कठिन था। यह एक ऐसा दौर था जब हम अगर कवर्धा के लिए मध्यप्रदेश विधानसभा से 5 लाख रुपए की सड़क भी स्वीकृत करवा लाते थे तब वह एक बड़ी उपलब्धि हुआ करती थी। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ सिर्फ एक नए राज्य का निर्माण नहीं था बल्कि सुकमा से सरगुजा तक निवासरत इस पूरे क्षेत्र के लोगों को नई आवाज देने और उनके अधिकारों को प्राथमिकता के साथ उठाने के लिए एक पृथक पटल भी उपलब्ध किया गया। 14 दिसम्बर सन 2000 को नए छत्तीसगढ़ में जन.जन की आवाज को एक मंच प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा की स्थापना हुई छत्तीसगढ़ गठन के समय विधानसभा के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां थी। उपयुक्त भवन, संसाधनों की कमी एवं संसदीय विद्या के पारंगत अनुभवियों की कमी के बावजूद छत्तीसगढ़ विधानसभा का प्रथम चार दिवसीय ऐतिहासिक सत्र 14 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2000 तक रायपुर स्थित राजकुमार कालेज के जशपुर हॉल में अस्थायी तौर पर निर्मित सभा भवन में संपन्न हुआ। इसके पश्चात् छत्तीसग? विधानसभा को रायपुर बलौदाबाजार मार्ग पर बरोंदा गांव स्थित भारत.सरकार के जल.ग्रहण मिशन संस्थान के लिए बने नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित किया गया और जहाँ आज दिनांक तक संचालित है।

जब छत्तीसगढ़ को अपना पृथक राज्य और पृथक विधानसभा मिली तब अन्त्योदय की विचारधारा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के कल्याण और प्रदेशवासियों के उत्थान के लिए हमारी विधानसभा ने ऐतिहासिक निर्णय लिए। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ की छवि एक पिछड़े और वंचित प्रदेश की थी। भूख से लोगों की मौत हो जाना और सीमित अवसरों की वजह से लोगों के छत्तीसगढ़ से बाहर कूच करने ने प्रदेश की छवि एक पलायन करने वाले राज्य की बना दी थी। जिसे परिवर्तित करने में हमारी विधानसभा ने ऐसे कानून बनाये जो इतिहास के सदैव के लिए अंकित हो गए। जब हमारी विधानसभा ने खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत 1 रूपये किलो चावल की योजना को 21 दिसम्बर 2012सदन में पारित किया तब भोजन का अधिकार देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बना। हमारी इस व्यवस्था को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे देश के लिए आदर्श बताया और पीडीएस की सराहना की।इसके साथ ही युवाओं को कौशल उन्नयन का कानूनी अधिकार देश में सबसे पहले 21 जुलाई 2013 को हमारी ही विधानसभा में पारित हुआ। हमारी विधानसभा ने लोककल्याण के साथ ही सांस्कृतिक उत्थान पर भी पूरा जोर दिया और 3 अगस्त 2010 को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का विधेयक पारित कर छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिया। हमारी विधायिका की अद्भुत शक्ति है जो न केवल प्रदेशवासियों के विकास को सुनिश्चित करती है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को भी संरक्षित रखकर एक बेहतर संवैधानिक व्यवस्था को स्थापित करती है। हमारी विधानसभा में बजट प्रस्तुत करने की एक बहुत ही सुंदर प्रक्रिया है। कोरोना काल को अपवाद के रूप में छोड़ दें तो हमारे सदन में बजट कभी गिलोटीन से पारित नहीं हुआ है। हमेशा ही छत्तीसगढ़ विधानसभा ने सभी विभागों के प्रमुख विषयों पर चर्चा करने के बाद बजट को पटल पर रखा जाता है और उसके बाद ही बजट पारित होता है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की एक विशेष प्रक्रिया है हमारी विधानसभा में यदि कोई सदस्य सत्र के दौरान अपनी कुसी से उठकर वेल गर्भगृह में प्रवेश करता है तो वह स्वतः ही निलंबित हो जाता है और उसे सदन से बाहर जाना पड़ता है। यह हमारे लोकतंत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा की एक पवित्र प्रक्रिया है जिसका पालन सभी दल करते हैं। यह हमारी विधायिका की ही शक्ति है जो पक्ष और विपक्ष को एक मंच पर लाकर संवाद के दरवाजे खोल देती है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 26 जुलाई 2007 की वो बैठक है, जिसमें छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार विधानसभा के अंदर पक्ष और विपक्ष के बीच 8 घंटे 40 मिनट तक Closed Door Meeting''हुई। जहां दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी ने मिलकर नक्सल जैसी गंभीर समस्या पर खुलकर अपनी बात रखी। संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखकर ऐसे अनेकों कीर्तिमान रचते हुए हमारी विधानसभा ने 24 वर्षों की यात्रा पूरी की है।

एक लंबी यात्रा के बाद आज जब हम छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा को देखते हैंए तब यह विधानसभा अपने युवावस्था के 25वें वर्ष में प्रवेश कर रही है आज जब हमारी विधानसभा में एक नई ऊर्जा और नव जनप्रतिनिधियों की प्रबल आवाज हैए इस परिपक्व होती हमारी विधानसभा में महिला प्रतिनिधित्व की मामले में भी एक कीर्तिमान स्थापित किया है। कुल 90 सदस्यीय सदन में अब तक सर्वाधिक 19 महिलायें निर्वाचित हो कर आई है जो कुल सदस्यों की 20: प्रतिशत है।50 नए विधायकों में एक नया जज्बा है और लगभग 14: विधायक हमारे सदन में ऐसे हैंए जिनकी आयु 40 वर्ष से कम हैए यानी कुल 13 युवा विधायक हमारी विधानसभा के सदस्य हैं।

छत्तीसगढ़ विधान सभा के प्रत्येक विधान सभा के प्रारम्भ में नव-निवार्चित सदस्यों को संसदीय कार्य-प्रणाली, प्रक्रिया एवं परम्पराओं से अवगत कराने की दृष्टि से प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैए जिसमें प्रबोधन के लिए छत्तीसगढ़ और विभिन्न राज्यों के विधान सभा के अध्यक्षों, भूतपूर्व मंत्रियों तथा वरिष्ठ सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ के छठवें विधानसभा में जनवरी 2024 में प्रबोधन के लिए विशेष रूप से लोकसभा के स्पीकर माननीय ओम बिरलाजी, भारत के उपराष्ट्रपति माननीय जगदीप धनखड़ और केंद्र सरकार के गृह मंत्री माननीय अमित शाह, तत्कालीन केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री माननीय मनसुख एल. मंडाविया, सतीश महानाजी माननीय अध्यक्ष उत्तरप्रदेश विधानसभा को भी आमंत्रित किया गया। हमारी छत्तीसगढ़ विधानसभा ऐसी अनेकों ऐतिहासिक अवसरों की साक्षी बनी है, जिसने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है, द्वितीय विधान सभा की अवधि में 28 जनवरी, 2004 को भारत के राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में सदस्यों को संबोधित किया जो भारत वर्ष के किसी भी राज्य की विधान सभा में राष्ट्रपति के संबोधन का यह पहला कार्यक्रम था। इसके बाद राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने भी जून 2011 में विधानसभा को सम्बोधित किया।

आज जब हम अपनी विधानसभा के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, तब छत्तीसगढ़ के साथ-साथ हमारे विधानसभा की अपनी युवावस्था में पहुंच चुकी है। इस युवावस्था में जब एक नौजवान सशक्त और आत्मनिर्भर होकर मजबूती के साथ आगे बढ़ता हैए इसी तरह हमारी विधानसभा भी आत्मनिर्भर होकर एक नए मार्ग पर आगे बढ़ रही है। राजधानी के नवा रायपुर के सेक्टर 19 में महानदी मंत्रालय और इन्द्रावती (विभागाध्यक्ष) भवन के पीछे मध्य में नया विधानसभा भवन को 2025 तक पूर्णरूप से तैयार करने का लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं।

अभी तक जहाँ हमारी विधानसभा भारत.सरकार के जल-ग्रहण मिशन संस्थान के लिए बने भवन में संचालित थी, वहीं इस नई विधानसभा में हम सशक्तिकरण की नई गाथा लिखने जा रहे हैं। इस विधानसभा भवन में छत्तीसगढ़ की आत्मनिर्भरता की भावना के साथ ही अत्याधुनिक सुविधाएँ, नई तकनीक और डिजिटलीकरण का विजन भी समाहित है। इसके सदन में200 सदस्यों की बैठक क्षमता एवं नए विधानसभा भवन में विधानसभा सचिवालय विधानसभा का सदन, सेंट्रल-हॉल, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों के कार्यालय होंगे। यहां 500 दर्शक क्षमता का ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा। नवीन विधानसभा भवन प्रकृति के प्रति भी संवेदनशील है, जिसमें सौर ऊर्जा से संचालन के साथ ही पूरे भवन परिसर में अधिकाधिक वृक्षारोपणएरेन वाटर हार्वेस्टिंग व टेक्नोलॉजी का समावेश और समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए भवन विकसित किया जा रहा है। इस नए विजन के साथ जब हम एक नई शुरुआत कर रहे हैं तब समस्त प्रदेशवासियों को विधानसभा के 24वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं। हम सभी मिलकर आने वाले समय में अपने छत्तीसगढ़ को संवैधानिक रूप से और अधिक मजबूत बनाएंगे एवं लोकतंत्र को सशक्त करते हुए विधानसभा की गरिमा को आगे अक्षुण्ण बनाए रखेंगे।

**पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष, रायपुर**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 342 : गंगा तट पर भक्ति का वातावरण, केवट ने अनूठी शैली में किया श्रीराम का स्वागत

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



केवट ने प्रभु श्री राम से कहा, ''आप गंगा पार करने के लिए मेरी नाव का उपयोग करेंगे, यही मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। आपने अपना कार्य किया, मुझे अपना कार्य करने दें। आपने गौतम ऋषि के आश्रम से पूर्व भी अनेक बार शिलाओं का स्पर्श किया होगा, लेकिन उनमें कोई चमत्कारिक परिवर्तन नहीं हुआ था। आप पैदल चलकर वहां पहुंचे थे तो वह प्रभाव आपके चरणों की धूल का था। इसलिए मैं आपके चरण पखारना चाहता हूं।''

श्री राम ने फिर समझाने का प्रयास किया, ''श्रमवीर ! मैं तुम्हें आश्वस्त करता हूं कि तुम्हारी नौका मेरे गंगा पार उतरने के बाद भी नौका ही रहेगी। अतः इसे लेकर मन में कोई संदेह ना रखो।''

केवट ने फिर अपना तर्क रखा, ''इस आश्वासन के लिए धन्यवाद श्री राम! मैं फिर भी आपके चरण पखारना चाहता हूं क्योंकि आप एक योद्धा हैं। आप संकट में पड़े हुए पीड़ितों का उद्धार करने वाले हैं। आप जनकल्याण के कार्य में अपना जीवन समर्पित करने वाले उदार राजकुमार हैं। आप अयोध्या से श्रम करते हुए यहां पहुंचे हैं।थके हुए हैं, इसलिए मैं चरण पखारकर आपकी यात्रा के श्रम को किंचित दूर करना चाहता हूं।''



लक्ष्मण जी ने हंसते हुए कहा, ''मित्र! बड़ी चतुराई से तर्कपूर्ण बातें करते हो। तुम्हें तो निषाद राज का विशेष दूत या उनका सभासद होना चाहिए।''

निषाद राज ने मुस्कुराते हुए कहा, ''यह चतुराई अपने आराध्य को निकट पाकर उनका स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए है कनिष्ठ राजकुमार। वैसे मेरे राज्य का हर नागरिक मेरा सभासद और दूत ही है।''


सीता जी ने कहा , ''आप धन्य है निषाद राज और आपकी प्रजा का हर व्यक्ति विशिष्ट है।''

श्री राम केवट के वचनों को सुनकर भाव विभोर हो गए। उन्होंने केवट को अपने चरण पखारने की अनुमति दे दी। केवट ने एक पात्र में गंगाजल लेकर आनंदातिरेक में श्री राम के चरण पखारे। जल की बूंदें श्री राम के चरणों के साथ-साथ उनके धौतवस्त्रम पर भी पड़ने लगीं। निषाद राज ने मीठा उलाहना देते हुए कहा, ''क्या श्री राम को नहला ही डालोगे?''

केवट ने अस्वीकार में हंसते हुए सिर हिलाया और अपने पटक से श्री राम के पैर पोछे।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## राशिफल




**मेष**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनाएंगे।




**वृष राशि**

आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में भी आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिलाएगा। आज आपआध्यात्मिक पुस्तकें पढ़ने पर लगा सकते हैं।




**मिथुन**

आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं।



**कर्क**

आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे।



**सिंह**

आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय में चर्चा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।




**कन्या**

आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। संयम रखने से रुकी योजनाएं सफल होंगी। खनिज पदार्थ के व्यापारियों को अच्छा लाभ होगा। डिप्रेशन की समस्या से आपको आराम मिलेगा।




**तुला**

आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ संबंधों में मजबूती आएगी। आज आपको पैतृक संपत्ति मिल सकती है। पुराने रोगों से आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा आपका ज्ञान बढ़ेगा।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हरसंभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनाएंगे। आज आप अपनी डेली रूटीन में बुक पढ़ने की हैबिट डाल सकते है। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है।




**धनु**

आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आपकी सेह में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछखास काम में आज रूकावट आ सकती है।




**मकर**

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।



**कुंभ**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जाएगा। सगे संबंधियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।



**मीन**

आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आएंगे।

## शब्द सामर्थ्य -266

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 256 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सु | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तीं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# त्रिस्तरीय आम निर्वाचन : निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत निर्वाचक नामावली तैयार, पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 13 दिसम्बर को जनपद पंचायत क्षेत्र राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं छुरिया में नियत स्थान पर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर लिया गया है।

**जिले के 4 जनपद पंचायतों के 408 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 5 लाख 26 हजार 932**

प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली के अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं छुरिया के 408 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 5 लाख 26 हजार 932 है, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 64 हजार 203 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख 62 हजार 727 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है।

जनपद पंचायत राजनांदगांव के 114 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 57 हजार 678 है, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 79 हजार 58 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 78 हजार 618 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है।

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के 100 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 29 हजार 85 है, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 65 हजार 283 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 63 हजार 802 है। जनपद पंचायत डोंगरगांव के 76 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 97 हजार 904 है, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 48 हजार 939 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 48 हजार 965 है।

जनपद पंचायत छुरिया के 118 ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 42 हजार 265 है, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 70 हजार 923 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 71 हजार 342 है।

## छ.ग. सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर हुए विभिन्न कार्यक्रम



गंडई पंडरिया (दावा)। स्थानीय स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई जिला के सीजी में छ.ग. सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार 14 दिसंबर को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा 'सुशासन' पर संगोष्ठी, नारा-लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भाग लेते हुए अब्दुल हसन, लता, लीला, राजू ने राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये। वाद-विवाद में लीला, आकाश, नीलेश, पूजा राजपूत नारा-लेखन में श्रेया सोनी, मधु, ललिता, चेतन बारले, नेमा आदि छात्रों ने भाग लेकर शासन के योजनाओं को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. टी.एल.वर्मा, जी. कौशिक, अतिथि व्याख्याता गौरव जैन, शुभम दुबे, तिलक सोनवाने, ओ. पी. कौशिक एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# केबिनेट की बैठक में पूर्व का बकाया राशि नहीं मिलने पर राईस मिलर्स संघ में आक्रोश

गंडई पंडरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट बैठक 11 दिसंबर बुधवार को संपन्न हुई, जिसमें छ ग राइस मिलर्स संघ के पूर्व वर्ष 2022-23 के भुगतान पर सहमति नहीं बनी, साथ ही एसएलसी से परिवहन व्यय भी फाइनल नहीं हो पाया। मिलर्स संघ से सरकार ने बड़ी वादा खिलाफी की गई है। पूरे प्रदेश के मिलर्स जो सरकार से बड़ी उम्मीद लगाए बैठे थे, पूरे संघ के उम्मीद में पानी फिर गया और सरकार के प्रति निराश और आक्रोशित हैं।

सरकार के कैबिनेट के निर्णय के बाद अब पुनः प्रदेश एसोसिएशन अपने मिलर्स के साथ कस्टम मिलिंग कार्य करने के निर्णय पर पुनर्विचार करेगा। सभी मिलर्स की आज के कैबिनेट पर निगाह थी और सभी के मन में था कि सरकार अपनी बातों को कैबिनेट में पास कराकर मिलर्स का काम सुचारू और आसान करेगी लेकिन इसका उलट कैबिनेट ने निर्णय कर मिलर्स की आर्थिक रूप से कमजोर हो चुकी कमर को तोड़कर रख दिया है । मिलर्स को मिल संबंधी खर्चों के लिए भुगतान करने की और अपना काम करने पैसों की जरूरतें थी। इसके लिए पिछले दिनों पूरे प्रदेश के मिलरों ने अपनी कुछ जायज़ मांगों के पूरा होने तक कस्टम मिलिंग कार्य से दूरी बना ली थी। सरकार ने मिलर्स से चर्चा कर बड़ा आश्वासन दिया लेकिन अब पूरे प्रदेश के मिलर्स सरकार के वर्तमान निर्णय के खिलाफ हैं कि मिलर्स का वर्ष 2022-23 के बजाय वर्ष 2023-24 का भुगतान किया जाए। ज्ञात हो कि वर्ष 2023-24 के ज्यादातर मिलर्स का काम ही पूरा नहीं हुआ तो उन्हें कैसे भुगतान मिलेगा साथ ही जिनका काम पूरा हो चुका है वह भी बिल नहीं बना पा रहा है उनके बिलों में अनेक तरह की पेनाल्टी लगाकर बिलों को रोक दिए जाने की जानकारी है। मिलरों की मांग है कि हमारा पहले पुराने वर्षों का भुगतान मिलना चाहिए। यह व्यवहारिक विषय है कि कोई भी भुगतान पहले पिछला होता है। सरकार के आज के निर्णय के बाद कस्टम मिलिंग कार्य फिर से प्रभावित होने की आशंकाओं जताई जा रही है क्योंकि मिलर पैसे के अभाव में ना बैंक गारंटी बना सकता और ना ही कस्टम मिलिंग कार्य कर सकता है। बहुत ही विचित्र स्थिति है कि पिछले कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन कम होने की सहमति इसलिए बनी थी कि मिलर्स को पुराना भुगतान तो मिलेगा। ऐसी विकट स्थिति में देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देश के सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं राज्य के राज्यपाल रामेन डेका, केंद्रीय खाद्य मंत्री से अनुरोध करते हैं कि वे तत्काल छत्तीसगढ़ के किसानों से जुड़े मामले पर दखल दें एसोसिएशन इस मामले में सभी को पत्राचार करने की बात कही है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, खैरागढ़ छुईखदान गंडई मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष असलम मेमन ने सरकार के द्वारा इस बात पर निर्णय एवं विचार नहीं करने पर हताश होकर राजधानी रायपुर के राम मंदिर में 12 दिसंबर गुरुवार को सभी मिलर्स संघ पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से विचार विमर्श करने बैठक का आयोजन किए जाने की जानकारी दी है।

**आज राजधानी में राईस मिलर्स संघ की बैठक**

# पहला कॉलम...

## प्राथमिक शाला टटेंगा में न्योता भोज



हरदी (दावा)। गीता जयंती के अवसर पर प्राथमिक शाला टटेंगा के प्रधान पाठक लिखन सरपा द्वारा प्राथमिक शाला टटेंगा में न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में खीर पूड़ी भजिया पापड़ आदि दिया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्र शेखर उर्वशा, बुधरु यादव, पेमिन साहू, चन्द्र प्रभा भुआर्य, महेश्वरी उर्वशा, लीला बाई सुधाकर, त्रिवेंणी गांवरे, शिक्षिका खोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, संजय साहू शिक्षक, रामेश्वरी साहू, सविता साहू, अनुसुईया साहू आदि उपस्थित रहे।

## व्यवहार न्यायालय डोंगरगढ़ में नेशनल लोक अदालत संपन्न

**विभिन्न प्रकरण से संबंधित 1461 मामले निपटाए गए**



डोंगरगढ़(दावा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वाधान में छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सावंत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशन मे डोंगरगढ़ में नेशनल लोक अदालत का 14 दिसंबर को वर्चुअल और भौतिक उपस्थिति मोड में आयोजन किया गया। इसमें सर्वोच्च न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में लोक अदालत आयोजित की गई। डोंगरगढ़ न्यायालय में लंबित, राजस्व न्यायालय एवं प्री-लिटिगेशन के 2921 प्रकरणों को निराकरण के लिये चिन्हित किया गया है। नेशनल लोक अदालत आयोजित करने के लिए कुल 10 खंडपीठों का गठन किया गया था। इस लोक अदालत में 1461 मामलों राशि रूपये 5443320 (चौवन लाख तिरालिस हजार तीन सौ बीस रूपये) का सफलतापूर्वक निपटान किया गया।

**विभिन्न मामलों का निपटारा किया गया**

नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले अर्थात् चेक से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद के मामले, श्रम विवाद के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, रूपया वसूली वाद, विद्युत बिल एवं टेलीफोन बिल के मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधितमामले, राजस्व न्यायालय के मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य वाद आदि से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में उक्त प्रकरण अधिक संख्या में प्रकरण का निराकरण हो गया।

## चेंदरीबन नवागांव मंडई मेला 18 को

हरदी (दावा)। ग्राम चेन्दरीबन नवागांव में वार्षिक मंडई मेला का आयोजन आगामी 18 दिसंबर को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु चोर करण दानी का छत्तीसगढ़ी नाचा ग्राम तिलईरवार टप्पा वाले का रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम के जोहन निषाद, डिलेश मार्गिया एवं रूपेश यादव ने दिया।

## आज आमगांव मंडई

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम आमगांव में आज 15 दिसम्बर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है, इसी दिन रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 3, 4 व 5 जनवरी को रामायण का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम अध्यक्ष रघुवीर साहू ने दी।

## आज भंडारी भरदा में मंडई

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम भंडारीभरदा में आज 15 दिसम्बर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। इसी दिन रात्रि में मक्के(चिल्हाटी) वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी ग्राम के वरिष्ठ नागरिक देवसिंग भंडारी, भिसेनसिंह भंडारी ग्राम पटेल, ज्ञानिक बारमाटे कोटवार, सोनुराम नेताम पंच व माधवलाल रावटे ने दी है।

## सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रूपए की स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम सिवनीखुर्द में महंगू साहू गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपए एवं ग्राम पटेश्री में वार्ड क्रमांक 11 उमेश साहू गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

# छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



छुरिया (दावा)। विकासखण्ड छुरिया में छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डॉ. नेतराम नवरत्न (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी), डॉ बी.एल.तुलावी (डी.आई.ओ.), संदीप ताम्रकार (जिला कार्यक्रम प्रबंधक) के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर तथा मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 2017 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जिला चिकित्सालक एवं मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उपचार करते हुए काउंसलिंग किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर में 19 युवाओं एवं स्टॉफ के द्वारा रक्तदान किया गया। 463 मितानिनों, 24 मितानिन प्रशिक्षक तथा जिला व विकासखण्ड मितानित समन्वयकों का मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिनों और प्रशिक्षकों को साल नारियल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती गीताघासी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जनपद अध्यक्ष, रविन्द्र वैष्णव जिला महामंत्री भाजपा, संजय सिन्हा मंडल महामंत्री भाजपा, तेजराम साहू, धन्नाराम यादव मंडी अध्यक्ष उपस्थित थे।

आज के शिविर में मुख्य रूप से डॉ ओमेश भगत (बी.एम.ओ.), रोशन नंदेश्वर (बी.पी.एम.), बी.एल.चौरे (बी.ई.टी.ओ), तेजेश्वर देवांगन (बी.डी.एम.), डॉ सौरभ कौचे, डॉ.प्रकाश साहू, डॉ. गगनदीप सिंग भाटिया, डॉ. कुसुम गोटे, डॉ.डिम्पल खोब्रागढ़े, डॉ.भूपेन्द्र हिरोंदिया,डॉ किशोर वर्मा, डॉ. रिमझिम साहू, नितिन देखमुख (आर.एम.ए.), दिग्विजय शर्मा(आर.एम.ए,), रोशन मंडलोई (आर.एम.ए.), विजय मेश्राम (नेत्र सहायक अधिकारी), मुकेश साहू (नेत्र सहायक अधिकारी), विनोद टांडेकर (नेत्र सहायक अधिकारी), देवेन्द्र साहू (नेत्र सहायक अधिकारी), एस.पी.एस. श्रीमती देवेश्वरी साहू, टिकेश्वर साहू (अध्यक्ष ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संघ) एवं समस्त पर्यवेक्षक तथा मैदानी स्तर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ए.एन.एम, आर.एच.ओ. सहित विकासखण्ड छुरिया के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

शिविर में मुख्य रूप से बी.पी., शुगर की जांच, सिकलसेल जांच, स्त्रीरोग, शिशुरोग, मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण, चर्मरोग, दंत चिकित्सा, परिवार कल्याण, अस्थि रोग, चर्मरोग, सामान्य सर्जरी, मनोरोग, आयुष्मान वय वंदन कार्ड निर्माण तथा आयुष्मान भारत पंजीयन, गैर संचारी रोग अंतर्गत ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, तम्बाकू एवं नशामुक्ति, वयोवृद्ध जांच उपचार सलाह एवं आयुर्वेद विभाग आदि सेवाओं का स्टाल लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गई।

## सोनेसरार त्रिवेणी संगम से माता देवालय दर्शन यात्रा का चौथा चरण




डोंगरगांव (दावा)। शहर से प्रारंभ माता देवाला दर्शन यात्रा का चौथा चरण आगामी 15 दिसंबर दिन रविवार को सोनेसरार त्रिवेणी संगम से प्रारंभ होकर सोनेसरार मंदिर, ग्राम सुखरी, छुईखदान होते हुए करमतरा पहुंचेगी. बता दें कि क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू व्दारा गत 17 अक्टूबर को माता देवाला दर्शन यात्रा का शुभारंभ किया गया था, जिसमें क्षेत्र के अधिक से अधिक ग्रामों को संपर्क करने का प्रयास किया गया है। इसी क्रम में यात्रा का यह चौथा चरण है जिसमें प्रसिद्ध छत्तीसगढिया़ लोक व जस गायिका अल्का चंद्राकर के मंचीय कार्यक्रम के साथ इस चरण की यात्रा का समापन होगा, यात्रा संयोजक विधायक दलेश्वर साहू व यात्रा प्रमुख गुलाब वर्मा द्वारा क्षेत्र की जनता से यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लेने कहा है। मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रसिद्धि प्राप्त इस धार्मिक यात्रा के स्वागत और तैयारी में क्षेत्र की आमजनता श्रद्धालुगण के साथ-साथ मुख्य रूप से बलिराम साहू, गणेश साहू, भरोसा साहू, अशोक साहू, डॉ.टिलेश्वर साहू, रामकुमार साहू व साथीगण की सक्रिय भूमिका में अपनी सेवा दे रहे है।

## युवक का अग्निवीर की ट्रेनिंग लेकर वर्दी में गांव पहुंचने पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के नजदीकी ग्राम गोकना निवासी चित्रेण साहू का 6 माह पहले अग्निवीर के लिए चयन हुआ था, इसके बाद उन्होंने कर्नाटक में रहकर अग्निवीर का 6 माह तक ट्रेनिंग प्राप्त किया, ट्रेनिंग पूरा होने के पश्चात युवक का 11 दिसंबर बुधवार को गांव आगमन हुआ।

आगमन को यादगार बनाने के लिए गांव में दिवाली जैसा माहौल रहा, डीजे फुलमाला एवं आतिशबाजी के साथ युवक का ग्रामीणों ने जोशीला स्वागत किया और गांव में स्थित बरगद पेड़ के समीप से उनका भव्य स्वागत करते हुए, डी जे की धुन से नाचते कूदते आतिशबाजी के साथ उसके घर तक ले जाया गया, जहां मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से पूरे गांव ने उसे शाबाशी देते हुए बधाई दिए, उनका मुंह मीठा कराते हुए फूल माला पहनाया, अग्निवीर में उसका चयन होने पर ग्रामीणों ने गर्व महसूस किया। इस दौरान युवक ने एक फौजी की तरह ग्रामीणों एवं अपने परिजनों को सैल्यूट किया और आभार व्यक्त किया। बताया जाता है की चयनित युवा गंडई महाविद्यालय में बी ए सेकंड वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे उसी समय इनका अग्निवीर के लिए चयन हो गया, मंचीय कार्यक्रम के दौरान बड़े भाई गुना राम साहू, बहन वेदकुमारी साहू, माता गुलापा साहू, दादा दादी सहित ग्रामीणों में हेमलाल साहू, जगेशर साहू, गणेश साहू, भागीरथी साहू, कमल साहू, रामा साहू, लीला धुर्वे, महेश निषाद, गंडई महाविद्यालय में पदस्थ क्रीड़ा अधिकारी अनीता पौशार्य सहित पूरा गांव उपस्थित रहा।

**गांव में रहा दिवाली जैसा माहौल**

## दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा राजनांदगांव के संघ पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर तथा तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को 12 दिसंबर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ लघु वेतन चतुर्थ कर्मचारी संघ लंबे समय से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण करने की मांग करते आ रहा है इसी संबंध में आदिवासी विकास विभाग में भी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी का युक्त युक्तिकरण करते हुए नियमित करण किये जाने की मांग काफी लंबे समय से करते आ रहे हैं।

इस संबंध में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं अपर कलेक्टर तथा कलेक्टर से संघ के पदाधिकारियों ने पूर्व में मुलाकात किया था। शासन के परिपत्र अक्टूबर 2023 के अनुसार चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान करने हेतु जिला कलेक्टर सक्षम प्राधिकारी हैं इस परिपत्र को लेकर पिछली बार सहायक आयुक्त तथा अपर कलेक्टर से मुलाकात कर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण करने के लिए जिला स्तरीय छानबीन समिति का गठन करने का अनुरोध संघ ने किया था प्रशासन के द्वारा जिला स्तरीय नियमितीकरण की समिति का गठन भी कर लिया गया है। लेकिन समिति गठित हुए दो माह हो चुके हैं अभी तक कमेटी की एक भी बार बैठक नहीं हुई है बैठक नहीं होने से कर्मचारियों ने संघ की बैठक में मुद्दा उठाया था। जिसके तहत कर्मचारी संघ के पदाधिकारी ने अपर कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त से ज्ञापन लेकर मुलाकात किया और चर्चा कर अति शीघ्र नियमितीकरण के लिए गठित कमेटी की बैठक आहुत कर कार्यवाही आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। अपर कलेक्टर तथा सहायक आयुक्त ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आदिवासी विकास विभाग को नियमित करने के लिए गठित की गई समिति की बैठक एक सप्ताह के अंदर करने का आश्वासन दिया है। मुलाकात चर्चा में योगेश चौरे प्रांतीय महामंत्री हरिश्चंद्र यादव, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शिव कुमार वैष्णव, गंगा सागर, नाहिद, यशोदा अमेरिका, पुरन वर्मा, संगीता श्यामु अकबर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति का हुआ गठन



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला स्तरीय सामान्य सभा की बैठक जिला कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें संरक्षक, उपसंरक्षक, आजीवन सदस्य उपस्थित हुए। उपस्थित सदस्यों का स्वागत पश्चात सभी सदस्यों का सामान्य परिचय लिया गया। तदोपरांत कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली के विषय में संक्षिप्त उद्बोधन दिया गया।

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने कहा कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी एक स्वैच्छिक मानवतावादी संगठन है, जो आपदा/आपातकालीन परिस्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए निःस्वार्थ भाव से तत्पर रहते हैं। वही कमजोर, असहाय लोगों की मदद के लिए भी हमेशा आतूर रहते हैं। साथ ही समुदायों के स्वास्थ्य और देखभाल के लिए भी बढ़ावा देता है।। यह विश्व के सबसे बड़े स्वतंत्र मानवतावादी संगठन, अंतर्राष्ट्रीय रेडकॉस एवं भारतीय रेडक्रॉस का मिशन मानवीय गतिविधियों के सभी रूपों को हर समय प्रेरित, प्रोत्साहन करना और शुरू करना है, ताकि मानव पीड़ा को कम किया जा सके। इस प्रकार शांति के लिए अधिक अनुकूल वातावरण पैदा करने में योगदान दिया जा सके।

निर्वाचन अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ द्वारा प्रबंध समिति के गठन की प्रकिया के विषय में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। पश्चात प्रबंध समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रकिया प्रारंभ की गई। उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रबंध समिति के सदस्यों के नामों का अनुमोदन लिया गया जिसमें यशोदा निलाम्बर वर्मा, विकांत सिंह, गिरजा चंद्राकर, भागवतशरण सिंह, बिसेसर दास साहू, नीलाम्बर वर्मा, प्रमोद सालेचा, रावलचंद कोचर, नरेन्द्र सोनी, सुधीर गोलछा, सुधीर सिंह, संजय शर्मा, रेखा गुप्ता, मोनिका रजक, डॉ. एंजला मोहये, बृजेश श्रीवास्तव, टंकेश्वर प्रसाद साहू, रेणुका रात्रे, राजीव चंद्राकर, दिनेश ओसवाल, नवीन जैन, डॉ. विवेक बिसेन, शुभमसिंह ठाकुर सर्वसम्मति से प्रबंध समिति के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला प्रबंध समिति का गठन होने के तत्काल बाद जिला प्रबंध समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिसमें चेयरमेन के पद पर विक्रांत सिंह, वाइस चेयरमेन के पद पर निलाम्बर वर्मा, कोषाध्यक्ष के पद पर सुधीर गोलछा एवं राज्य हेतु प्रतिनिधि बिसेसर दास साहू सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए। इसके पश्चात निर्वाचन अधिकारी द्वारा पदाधिकारियों के नाम की घोषणा कर निर्वाचन कार्यवाही का समापन किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी के जिला शाखा अध्यक्ष सह कलेक्टर द्वारा उपाध्यक्ष हेतु भागवतशरण सिंह को मनोनित किया गया। जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल द्वारा समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

## कल विधानसभा का घेराव करेंगे पालिका के कर्मचारी, शहर में नारेबाजी करते हुए रैली निकाली



डोंगरगढ़(दावा)। पालिका कर्मचारी कि विगत तीन दिनों से चली आ रही अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रदेश संगठन के आव्हान पर शहरवासियों को आवश्यक मूलभूत सुविधा आज से प्रदान की जाएगी। इसके तहत एक टाइम पानी व रात्रि में बिजली की व्यवस्था में सहयोग करने का कार्य संबंधित विभाग के कर्मचारियों द्वारा आज से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

पालिका कर्मचारीयों की प्रदेशव्यापी हड़ताल का असर डोंगरगढ़ में भी दिखाई दे रहा है।शहर की सफाई व पेयजल व्यवस्था बाधित हुई। व्यवस्था दुरुस्त करने सीएमओ चंद्रकांत शर्मा स्वयं मैदानी क्षेत्र में संघर्ष करते देखे गए है। हड़ताली कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ राज्य सरकार के प्रतिनिधि लगातार चर्चा कर रहे हैं। आश्वासन भी दिया जा रहा है किंतु ठोस पहल नहीं होने के कारण आंदोलनरत पालिका के कर्मचारी एकजुटता का परिचय देते डटे हुए हैं। अध्यक्ष महेंद्र करसे ने दावा समाचार से चर्चा के दौरान बताया कि 16 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करने का निर्णय प्रदेश स्तर पर लिया गया है। जिससे ऐसा लगता है कि यह आंदोलन आने वाले दिनों में और तेज होगा। रायपुर में चल रहे विशाल धरना प्रदर्शन के साथ-साथ जिला स्तर के बाद स्थानीय स्तर पर भी आज संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने एकजुट का परिचय देते हुए नारेबाजी की और शहर भ्रमण किया।

**प्रदेश संगठन के आव्हान पर आज से एक टाइम पानी व रात में बिजली की व्यवस्था में सहयोग करेंगे कर्मचारी**

# जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र

**राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के अवसर पर जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी में राज्य एवं जिले के विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को किया गया प्रदर्शित**



- प्रतियोगी परीक्षा के दृष्टिकोण से जनमन एवं अन्य किताब बहुत उपयोगी - भूमिका
- शासन की नई योजनाओं की मिली जानकारी - श्री राम कुमार
- फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों से रूबरू हुए जनसामान्य

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के अवसर पर राज्य एवं जिले के विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। फोटो प्रदर्शनी का अधिकारी-कर्मचारियों एवं कलेक्टोरेट में आने वाले जनसामान्य एवं आगंतुकों ने अवलोकन कर शासन की सभी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टोरेट में जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र बनी है। फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं, जिले के विकास कार्यों, नवाचार तथा अभियानों के संबंध में झलक प्रस्तुत की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की विभिन्न लोकहितैषी योजनाओं के माध्यम से जनसामान्य के जीवन में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को फोटो प्रदर्शनी में संजोया गया है।

अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह ने भी फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने शासन की योजनाओं एवं जिले में चल रहे नवाचार और अभियान के संबंध में एक साथ जानकारी मिलने पर प्रशंसा की। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पदुमतरा निवासी भूमिका कुर्रे ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। उन्होंने फोटो प्रदर्शनी की प्रशंसा की और कहा कि यहां से प्राप्त निःशुल्क पुस्तके प्रतियोगी परीक्षा के दृष्टिकोण से बहुत उपयोगी है। जिसमें प्रमाणिक जानकारी एवं तथ्यों का अच्छा संकलन है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम चिखलाकसा निवासी राम कुमार ने कहा कि इस फोटो प्रदर्शनी से उन्हें नई-नई योजनाओं की जानकारी मिली है और यह प्रदर्शनी बहुत अच्छी लगी है। ग्राम चिखलाकसा निवासी विमल कुमार ने कहा कि यह राजनांदगांव जिले के विकास कार्य को विशेष तौर पर प्रस्तुत किया गया है। जनसंपर्क विभाग की टीम द्वारा शासन की योजनाओं की जाकनारी दी गई। डोंगरगढ़ के मोहन सिंह ठाकुर ने कहा कि कृषक उन्नति योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी बहुत अच्छी तरीके से बताई गई है। उन्होंने कहा कि फोटो प्रदर्शनी देखकर बहुत अच्छा लगा है। बसंतपुर राजनांदगावं के श्री नितेश कुमार ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर शासकीय योजनाओं से संबंधित निःशुल्क किताब मिलने पर प्रशंसा व्यक्त की।

गौरतलब है कि जनसम्पर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी में सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल की अभिव्यक्ति के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं जिनमें महतारी वंदन योजना से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण और विकास की नई इबारत, किसानों को मिला 2 साल का बोनस, खुशियों का मिला पैगाम, धान खरीदी का महापर्व -कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला अपना पक्का मकान, पीएमश्री योजना, न्योता भोजन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीब परिवार की कन्याओं के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता, जेसीबी वाली दीदी दमयंती सोनी को जापान जाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर मिली 3 लाख 76 हजार रूपए की राशि, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सीआरसी सेंटर, आरोहण बीपीओ सेंटर से जिले लगभग 850 से अधिक युवाओं को मिला रोजगार, बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जिला प्रशासन की पोट्ठ लईका पहल, जल संरक्षण के लिए जिला प्रशासन की पहल मिशन जल रक्षा, जल जीवन मिशन, एक पेड़ माँ के नाम महावृक्षारोपण अभियान, चलो बनाबो हरियर छत्तीसगढ़, श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना, उन्नति के नए क्षितिज लिख रहे हैं विकास की नई दास्तां, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर से ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम छोर के हितग्राही हो रहे लाभान्वित, जिले में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत जरबेरा, ऑर्किड एवं रंगीन शिमला मिर्च की खेती से समृद्ध बन रहे किसान सहित विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है।

# नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रशिक्षण संपन्न

**कलेक्टर ने प्रशिक्षण का किया अवलोकन**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय सिंह अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन में 14 दिसंबर को नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रशिक्षण सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में संपन्न कराया गया, इसमें कुल 1300 प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे। प्रशिक्षण कुल 13 कमरों में मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा दो पाली में दिया गया। प्रथम पाली का प्रशिक्षण 10:00 बजे से 1:30 तक एवं द्वितीय पाली का प्रशिक्षण 2:00 बजे से 5:00 तक संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उनके साथ जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, एडीएम इंदिरा नवीन सिंह, आयुक्त नगर निगम अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, तहसीलदार मनीष वर्मा, अपर कलेक्टर सी.एल. मारकंडे, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, सहायक नोडल अधिकारी आदित्य खरे, नोडल अधिकारी मतदान दल गठन, सतीश ब्यौहरे, एडीपीओ समग्र शिक्षा, पी.आर. झाड़े, एपीसी मो. रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक, बीईओ डी.आर.देवांगन, बीआरसी भगत ठाकुर, संस्था के प्राचार्य श्रीमती कुमकुम झा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम



खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के अपर कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के मनोनीत अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने की। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। रसायन शास्त्र विभाग की ओर से मंच पर छात्र आर्यन बख्शी एवं छात्रा अर्चिता महोबिया द्वारा वैज्ञानिक गतिविधि का प्रदर्शन किया गया। मुख्य कार्यक्रम के बाद विद्यालय के विभिन्न विभागों की ओर से केंद्रीय विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों को दर्शाते हुए छात्र-छात्राओं द्वारा एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र ठाकुर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को केंद्रीय विद्यालय स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उनसे श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम एवं जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़े परिश्रम का आह्वान किया। अपने संबोधन में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने विद्यार्थियों को केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना के उद्देश्य के अनुरूप एक श्रेष्ठ नागरिक के रूप में अपने कर्तव्य के पालन हेतु अच्छी शिक्षा ग्रहण करने और संस्कारों के पालन हेतु प्रेरित किया।

विद्यार्थियों की ओर से स्वागत गीत, केंद्रीय विद्यालय ध्येय गीत भारत का स्वर्णिम गौरव, छात्र मोक्ष साहू कक्षा ग्यारहवीं द्वारा हिंदी में उद्बोधन, छात्र क्षितिज पारधी और मेघा बंजारे कक्षा पांचवी द्वारा कविता पाठ, सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चेतावनी से युक्त हिंदी नाटक तथा कक्षा 12वीं के छात्र गौरव फोटानी और कक्षा नवमी के छात्र सिद्ध जैन द्वारा वायलिन वादन प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक वर्ग की छात्राओं द्वारा कथक नृत्य की मनोरम प्रस्तुति भी की गई। विद्यालय द्वारा स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में शैक्षणिक गतिविधियों पर आधारित प्रस्तुतियों को प्राथमिकता दी गई। इस क्रम में विद्यालय के भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान विभाग की ओर से विभिन्न प्रयोगों एवं प्रादर्शों का प्रदर्शन किया गया। अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर द्वारा विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया गया और विद्यार्थियों से उनके प्रदर्शित मॉडल के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रश्न भी पूछे गए। प्राचार्य अंजय कुमार ने भी विभिन्न मॉडलों की कार्य पद्धति के संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा की और उन्हें भविष्य में अधिक बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के भाषा विभाग, एक भारत श्रेष्ठ भारत विभाग द्वारा भारतीय भाषा उत्सव में प्रदर्शित विभिन्न प्रादर्शों, चार्टों एवं प्रोजेक्ट फाइलों का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कला विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए श्रेष्ठ चित्रों का भी प्रदर्शन किया गया।

प्राथमिक सीसीए विभाग के स्टाल में विद्यार्थियों द्वारा संपन्न की गई विभिन्न गतिविधियों की एक झलक दिखाई दी। छात्र हर्षित सिंह कक्षा 12 वीं ने थ्री डी मॉडल की सहायता से रॉकेट प्रक्षेपण प्रणाली और इसके निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय के छात्र हर्षित और उसके मित्र आकाश में 500 फीट तक ऊपर जाने वाले रॉकेट का सफल प्रक्षेपण कर चुके हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डॉ.योगेंद्र पांडेय एवं संदेश निनावे द्वारा किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ योगेंद्र पांडेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# तीन सूत्रीय मांगों के संदर्भ में समर्थन मांगने किसानों ने किया मार्च




**कल 16 को राजधानी रायपुर में किसान संघ करेगा धरना प्रदर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। जिला किसान संघ द्वारा किसान नेता सुदेश टीकम के नेतृत्व में किसानों की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर शहर में समर्थन अपील मार्च किया गया। बता दें कि अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर संघर्षरत प्रदेश किसान संघ द्वारा 16 दिसंबर को राजधानी में आयोजित प्रदर्शन एवं अपनी मांगों के लिए समर्थन जुटाने के लिए जन समर्थन अपील मार्च कर लोगों में जन जागरुकता के लिए पर्चे भी बांटे गए। अपनी मांगो के संबंध में किसान नेता सुदेश टीकम ने बताया कि केन्द्र द्वारा 117 रू. समर्थन मूल्य का लाभ देते हुए 3217 रू. प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किश्त का भुगतान एवं धान खरीदी व्यवस्था में सुधार कर पूरे तीन महिने धान खरीद की मांग को लेकर प्रदेश किसान संघ लगातार आंदोलन चला रहा है। पूर्व में इन्ही मांगों को लेकर मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा का आयोजन किया गया था। घर-घर चिट्ठी अभियान एवं विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विधानसभा सत्र के प्रथम दिन राजधानी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन कर प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा में अपने मुद्दों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने का प्रयास किसानों द्वारा किया जा रहा है। इस प्रदर्शन एवं तीनों मांगों का समर्थन करने की अपील मार्च कर की गई एवं पर्ची भी बांटी गई। ज्यादा से ज्यादा संख्या में राजधानी रायपुर चलने की अपील भी गई।

समर्थन अपील मार्च में टीकम सहित रमाकान्त बंजारे, मदन साहू, गैंदलाल साहू, सेवई गुरूजी, संतोष बघेल, ईश्वरी नेताम, गुड्डा, अश्वनी, भोंदू, सूर्या सहित बड़ी संख्या में युवा किसानों की भागीदारी रही।

# निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी कार्य पर लौटे

**आयुक्त ने कहा नियमित कर्मचारी कार्य पर लौटे अन्यथा होगी कार्यवाही**

राजनांदगांव (दावा)। नगरीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा अपने मांगो के संबंध में अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत् 03-04 दिनों से किया जा रहा है।

नगर निगम के कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से नगर की मूलभूत अतिआवश्यक सेवा बिजली, पानी सफाई प्रभावित हो रही है। जिसके लिये आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने हड़ताल से सभी कर्मचारियों को अपने कार्य पर लौटने कहा है। प्लेसमेंट कर्मचारी कार्य पर लौटकर अपने अपने विभाग में कार्य कर रहे है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से निगम सीमाक्षेत्र में नागरिकों को दी जाने वाली सुविधा बिजली, पानी सफाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने हक के लिये मांग करने का पूरा अधिकार है लेकिन अपने मांगो को रख कार्य पर वापस आ जाना चाहिए क्योकि निकाय का मूल कार्य नागरिकों को बिजली पानी सफाई जैसी अतिआवश्यक सेवा उपलब्ध कराना है, जिसे ध्यान में रखकर उन्हे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शासन से अपनी बात रखनी चाहिए। शासन कर्मचारियो की मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार भी कर रही है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि अतिआवश्यक सेवा को ध्यान में रखकर प्लेसमेंट कर्मचारियों के एजेंसी से बात कर उन्हे नोटिस दिया गया था। नोटिस उपरांत उनके अधिनस्त प्लेसमेंट कर्मचारी अपने कार्य में उपस्थित हो गए।

कुछ नियमित कर्मचारी भी वापस लौटकर अपने कार्यो का निर्वहन कर रहे है। लेकिन कुछ कर्मचारी अभी भी हड़ताल में है। उन्होने हड़ताली कर्मचारियों से कहा कि, चूंकि नगर निगम का मूल दायित्व नागरिकों को मूलभूत सुविधा बिजली पानी सफाई उपलब्ध कराना है, जो अतिआवश्यक सेवा के अंतर्गत आता है और अतिआवश्यक सेवा को बंद नही किया जा सकता।

इस आधार पर उन्होने सभी नियमित कर्मचारियों को अपने कार्यो में लौटने के लिए कहा है, उन्होने कहा कि, नही लौटने पर संबंधित कर्मचारी पर निगम प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित कर्मचारी की होगी।

# नगर पंचायत का तानाशाही फरमान, दिया कोर्ट का नोटिस



**छोटे राजा देवराज किशोर के नेतृत्व मे व्यापारियों ने जताई आपत्ति**

छुईखदान (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले, व्यापारियों, कामगारों सहित गरीबी छोटे एवं आम व्यवसाय करने वालों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के नाम पर दिए गए टैक्स वसूली की नोटिस को लेकर आज नगर पंचायत छुईखदान में नगर के छोटे राजा देवराज किशोर दास के नेतृत्व में व्यापारियों ने सैकड़ों की तादाद मे नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अपनी घोर आपत्ति दर्ज कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है एवं आगामी पंचायत चुनाव को लेकर नाराजगी जाहिर कर चुनाव में बहिष्कार जैसे बातों को लेकर आज पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

इस मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत छुईखदान की ओर से नगर पंचायत क्षेत्र में निवासरत, उपभोक्ताओं को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि की वसूली की नोटिस की प्रक्रिया नहीं अपनाकर मामलों को सीधे नेशनल लोक अदालत (न्यायालय) को सौपने की तानाशाही कार्यवाही के विरूद्ध नागरिकों की घोर नाराजगी को लेकर रियासत के छोटे राजा देवराज किशोर दास के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज कर समस्या का नगर पंचायत स्तर पर समाधान निकालने हेतु ज्ञापन सौपा है।

इस मामले मे अपनी बात रखते हुए प्रभावितो की ओर से देवराज किशोर दास/छोटे राजा ने बताया कि निगम स्तर पर 50 रुपए लिया जा रहा है जबकि छुईखदान एक छोटा सा नगर पंचायत है जहां पर निगम से ज़्यादा वसूली 100 रुपए किया जाना समझ से परे है। जबकि ऐसा पता चला है कि भुगतान के मामले को लेकर नगर पंचायत परिषद मे किसी प्रकार का न तो प्रस्ताव आया है और ना ही प्रस्ताव पास हुआ है, फिर भी अधिकारी द्वारा उच्च कार्यालयों को बिना जानकारी दिए सी.एम.ओ. द्वारा एकतरफा न्यायालयीन कार्यवाही किया जाना इस बात की ओर साफ ईशारा करता है कि नगर पंचायत छुईखदान का कार्यालय किन्ही दूसरे के ईशारे पर काम कर रही है, उन्होंने ईशारा करवाने वालो से भी आग्रह किया है कि वे नगर के आम नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्रदान करने की दिशा में मिलकर कार्य करने की कोशिश करें।

आपने बताया कि आज जिन लोगों को न्यायालय में घसीटने की कोशिश की गई है उनमें से अधिकांशतः दुकानदार गरीबी रेखा से नीचे है, छोटे व्यापारी है मजदूर और किसान भी है जो अनेको वर्षो से कर अदायगी कर रहे है, इस बार भी करेगे परन्तु उन्हें अवसर तो मिलना ही चाहिए, सफाई की किरण उनके घरो तक आज तक नही पहुंच पाई है, सड़के फटेहाल है, सड़क किनारो के विद्युत लाईनो मे आज भी केवल कम रोशनी वाला बल्व दिखाई देता है, नालिया बजबजा रही है, शुद्ध पेयजल केवल कल्पना हो गई है, जिसकी ओर शायद ही नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान जाता हो।

राज्य शासन के आदेश पर आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों का आज तक कार्यवाही अपेक्षित है, इन सबके बावजूद अधिकारी ईशारा पाने और तानाशाही कार्यवाही में आनंदित और गौरवान्वित हो रहे है, आपने स्पष्ट आग्रह किया है कि नगर पंचायत प्रशासन का अपने ही जनता के साथ कठोर रहा तो आने वाले समय मे नगर पंचायत कार्यालय को जनता के आक्रोश का सामना करना पडेगा।

# सुशासन के शानदार एक साल, दिव्यांग खिलाड़ी एवं कलाकारों का सम्मान कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग के दिशा निर्देशन पर जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग की ओर से आज दिनांक 14 दिसम्बर दिन शनिवार को स्थानीय दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा राजनांदगांव में जिला स्काउट गाइड के आयुक्त महेश खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन के शानदार एक साल के अवसर पर दिव्यांग खिलाड़ियों एवं कलाकारों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में समाज सेवी आस्था संस्था के अध्यक्ष महेंद्र सुराना, अभिलाषा की उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत गीत, राजकीय गीत की प्रस्तुति अभिलाषा संस्था के छात्र यादेश्वर किशन आदि के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बी एल ठाकुर उप संचालक समाज कल्याण द्वारा विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, समारोह के माध्यम से दिव्यागजन राज्य एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी दृष्टिबाधित चेमनमेन हरीश निषाद, तुलेश्वरी बांधे, निशा बांधे, नीरा जांगड़े, तरुण, अस्थि बाधित संवर्ग से राकेश सिन्हा, श्रवण बाधित संवर्ग से ज्योति यादव, अनुज साहू, स्वेता लहरे, पूजा देवांगन कला के क्षेत्र में अस्थि बाधित संवर्ग से प्रतिभावान कलाकार भूपेश साहू भरेगांव, विकास जमुलकर शंकरपुर राजनांदगांव इन सभी विभूतियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारत स्काउट गाइड के जिला आयुक्त और अभिलाषा संस्था के पूर्व सचिव महेश खंडेलवाल ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश की खुशहाली के लिए निरंतर अग्रणी हैं, बीते एक वर्ष उपलब्धियों से भरा हुआ है हमारा प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, उन्होंने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम को मंच पर उपस्थित अतिथिगण श्रीमती रूपम सोनछत्रा, श्रीमती गीता राठौर, महेंद्र सुराना ने भी संबोधित किया, आयोजन में अभिलाषा, आस्था, मनोकामना सहित शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, शासकीय कला पथक दल के कलाकार बीर सिंह साहू, तिहार ध्रुव, राम प्रसाद यादव द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित संगीतमई प्रस्तुति दी गई, कार्यक्रम का रोचक संचालन अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया, आयोजन में श्रीमती सुखमद्य चंद्रवंशी परिवीक्षा अधिकारी, श्रीमती दीप्ति देवांगन प्रभारी अधीक्षक, प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते, श्रीमती ज्योति बैरागी, श्रीमती अलका शर्मा सहित अभिलाषा आस्था मनोकामना के शिक्षक कर्मचारी पालक उपस्थित थे। उक्त जानकारी अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

# आज से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जायेंगे



रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार से तीन दिवसीय प्रदेश दौरे पर रहेंगे। वह नक्सल प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे। साथ ही सुरक्षा व शांति से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अमित शाह 15 दिसंबर को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस को 'प्रेसिडेंट कलर' प्रदान कर मनोबल ब?एंगे। इसके बाद जगदलपुर में सर्किट हाउस में नक्सल पीड़ितों से मुलाकात करेंगे और मुख्यधारा में शामिल हुए लोगों से मिलेंगे। बस्तर ओलिंपिक के समापन समारोह में खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन भी करेंगे। 16 दिसंबर को वह जगदलपुर में नक्सल अभियानों में बलिदान हुए जवानों को श्रद्धांजलि देकर उनके स्वजन व हिंसा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के साथ मुलाकात करेंगे। जगदलपुर में सुरक्षा कैंप का दौरा और गांव में विकास कार्यों का निरीक्षण कर जवानों के साथ भोजन करेंगे।

# गर्ल्स हॉस्टल के भूमिपूजन में एक करोड़ का दान....



राजनांदगांव (दावा)। गर्ल्स हॉस्टल के भूमिपूजन कार्यक्रम में रिटायर्ड कार्यपालन अभियंता श्री जगदले ने हॉस्टल निर्माण के लिए लगभग 1 करोड़ रूपए दान दिया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह, रिटायर्ड सहायक अभियंता एस.के. त्रिवेदी की मौजदूगी में भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# जुआ-सट्टा के खिलाफ की जा रही कार्रवाई कार्यवाही 8 आरोपी गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से 6060 रूपये नगद एवं 6620 रूपये की सटा-पट्टी जब्त**

राजनांदगांव(दावा)। शहर थाना कोतवाली, लालबाग, सोमनी, डोंगरगढ़, घुमका एवं ओपी चिखली, सुकुलदैहान, सुरगी पुलिस द्वारा जूएं सट्टे के खिलाफ जारी कार्यवाही के चलते शनिवार 14 दिसंबर को 8 प्रकरणों में 8 आरोपियों पर छत्तीसगढ़ जुआ/सट्टा (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है। इसमें आरोपियों के कब्जे से 6060 रुपए नगद व 6620 रुपए की सट्टा पट्टी जब्त की गई है।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में जिले में चलाये जा रहे अवैध जुआ/सट्टा के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार 14 दिसंबर को थाना प्रभारियों को सट्टा खाइवालों सहित अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर विशेष अभियान के अंतर्गत पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत् थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एक प्रकरण में 1 आरोपी के पास से नगदी रकम 560 रूपये व एक नग सट्टा-पट्टी 1000 रूपयें जप्त किया गया। इसी तरह थाना लालबाग पुलिस द्वारा एक और प्रकरण में 1 आरोपी के पास से नगदी रकम 650 रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी 1000 रूपयें जप्त, थाना सोमनी पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से नगदी रकम 460 रूपये जप्त कर 07 नग सट्टा पट्टी 180 रूपये जप्त। थाना घुमका पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से नगदी रकम 720 रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी 720 रूपये जप्त। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास नगदी रकम 1320 रूपये व 1320 नग सट्टा पट्टी जप्त, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से नगदी रकम 880 रूपये व 03 नग सट्टा पट्टी 880 रूपये, सुकुलदैहान पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी से नगदी रकम 730 रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी 730 जप्त किया गया, सुरगी पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी से नगदी 740 रूपये व 1 नग सट्टा पट्टी 1500 । इस प्रकार जिले में आज दिनांक 14 दिसंबर को कुल 08 प्रकरणों में 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 6060 रूपये नगद एवं 6620 रूपये का सटा-पट्टी बरामद कर सभी आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है।

# राजनीतिक विज्ञान विभाग के द्वारा मनाया गया मानव अधिकार दिवस



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में महाविघालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. के दिशा निर्देशन एवं राजनीतिक विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार जाम्बुलकर तथा अनिमा मिंज के नेतृत्व में 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

राजनीतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष द्वारा मानव अधिकार की महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव अधिकार दिवस का थीम हमारे अधिकार-हमारा भविष्य है। 10 दिसंबर 1948 को मानव अधिकारों की सर्वभौमिक घोषणा को अपनाने के सम्मान में इस तिथि को चुना गया था, जिसका उद्देश्य भविष्य में होने वाले अत्याचारों को रोकाना और मानवीय गरिमा की रक्षा करना था। कार्यक्रम में मानव अधिकार आयोग के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया गया इसमें एक अध्यक्ष और पांच सदस्य होते है।

इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने छात्र-छात्राओं को मानव अधिकार दिवस की शुभकामनाएं देते हुई कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से अधिकार प्राप्त होता है मानव अधिकार सभी मनुष्य के लिए निहित अधिकार है चाहे उनकी जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, जाति, भाषा धर्म या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो मानव अधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, कम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं, मानव अधिकार मौलिक अधिकारों का एक समूह है जो हर एक व्यक्ति के पास होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अनिमा मिंज ने किया।

# संघमित्रा महिला मंडल द्वारा भगवान गौतम बुद्ध प्रवेश द्वार निर्माण हेतु सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। 13 दिसम्बर को आम्बेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष प्रतीक मेश्राम एवं संघमित्रा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रतिमा वासनिक एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा भगवान गौतम बुद्ध प्रवेश द्वार पुराने स्टेट बैंक के पास निर्माण कराये जाने के संबंध मे श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख महापौर नगर पालिक निगम के निवास में सूर्यकांत जैन के सहयोग से ज्ञापन सौंपा गया। महापौर द्वारा भगवान गौतम बुद्ध प्रवेश द्वार का यथाशीघ्र निर्माण कराये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

विदित हो कि हमारे बौद्ध समाज के आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन मे अष्टधातु से निर्मित भगवान गौतम बुद्ध की एकमात्र प्रतिमा होने के कारण विहार के नाम से भी चर्चित है, बौद्ध समाज के किसी महिला या पुरूष का निधन हो जाने के बाद मृतक/मृतिका के पार्थिव देह को आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन (विहार) में लाकर पार्थिव देह को बुद्ध वंदना के पश्चात् पुराने स्टेट बैंक एवं इंदिरा सरोवर होते हुए लखोली स्थित मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करते है, उक्त प्रवेश द्वार से पार्थिव देह मृतक/मृतिका को मोक्ष की प्राप्ति होगी ऐसी हमारे बौद्ध समाज की धारणा है। महापौर जी को ज्ञापन सौंपने के दरम्यिान आम्बेडकर सेवा समिति एवं संघमित्रा महिला मंडल, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश गोसाई, सचिव सतीश सोनपिपरे, सह सचिव नवीन हुमने एवं कार्यकारिणी सदस्यगण संदीप ठावरे, राहुल सोनपिपरे, नंदा सहारे, देवाशीष चिमनकर, मंगल सिंह एवं आम्बेडकर सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष जितेश सिमनकर तथा वार्ड के प्रबुद्ध नागरिकगण उपस्थित रहें।

# जिला स्तरीय खेल में ग्राम खैरबना के बच्चे हुए सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। 13 दिसम्बर शुक्रवार को ग्राम खैरबना विकास खंड छुईखदान, जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में जिला स्तरीय बालक्रीडा प्रतियोगिता में अव्वल आये बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला खैरबना की प्रधान पाठिका सीमा शर्मा और मिडिल स्कूल के शिक्षकों ने एक सादे समारोह में बच्चों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर खैरबना हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य मधुसूदन देशलहरे, खैरबना, सरपंच ललित जंघेल, अध्यक्ष धनसाय साहू, अध्यक्ष संतराम कुर्रे (माध्यमिक), स्स्ष्ट अध्यक्ष प्राथमिक रमेश सरगढ़ द्वारी, ग्राम पटेल धनेश साहू, डीलेश्वर दास अचिंत तथा चूडामणी जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, हेमलाल पटेल पुष्ण सेन किरण जंघेल शिक्षाविद मनहरण जंघेल, धनऊराम साहू व खैरबना पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पुखराज सिंह खुशरो, शत्रुहन राम साहू, कन्हैया राम जंघेल प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सीमा शर्मा सहा. शिक्षक यशोदा ठाकुर उपस्थित थे संकुल समन्वयक पूरन बंजारे एवं प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे।

जिला स्तरीय खेल खैरागढ़ ब्लाक के ग्राम बैहाटोला में आयोजित हुआ था वहां प्राथमिक शाला खैरबना के प्रतिभागी विजयी बच्चों को पानी बॉटल और पेन कॉपी देकर शाला परिवार की ओर से सम्मानित किया गया. पुरस्कार वितरण किया गया। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हमारे प्राथमिक शाला खैरबना के छात्र दुर्गेश कुमार वर्मा अ वर्ग 80 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान आया, टिकेश कुमार वर्मा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान और रिलेरेश में प्राथमिक शाला खैरबना के ही छात्र टिकेश, दुर्गेश, राजेंद्र और ओम ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छुईखदान के विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डडसेना और बी.आर.सी. दुष्यंत कुमार शर्मा ने इन विजयी बच्चों को अपनी शुभकामनाये दी है।

# पारीखुर्द के बच्चों ने किया चम्पारण का शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द, संकुल -भर्रेगॉव के बच्चों ने पालकों, शिक्षकों तथा समस्त शाला स्टाफ के साथ शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत दिनांक 08 दिसम्बर 2024 दिन- रविवार को सबसे पहले छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहे जाने वाले राजिम में कुलेश्वर महादेव मंदिर व राजीवलोचन मंदिर में स्थापित भगवान की प्रतिमा का दर्शन लाभ लिया। बच्चों ने धर्म के साथ -साथ मंदिर से जुड़े इतिहास को बहुत बारीकी से समझा। उसके बाद भ्रमण का अगला पड़ाव चम्पारण रहा।जहॉ बच्चे महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली की भव्यता को देखकर रोमांचित हो उठे। चम्पारण में बच्चों, पालकों व समस्त शाला स्टाफ ने एक साथ मिलकर भोजन बनाया व रसास्वादन किया,जो बहुत यादगार पल रहा। भ्रमण का अगला पड़ाव चंदखुरी, रायपुर का कौशिल्या माता का मंदिर रहा, जहॉ की प्राकृतिक सुंदरता से बच्चों का मन आह्लादित हो गया। भ्रमण में शाला के शिक्षक स्टाफ प्रधानपाठक शिव कुमार सेवता, शिक्षिकाओं श्रीमती विभा सिंहमारे व सुश्री पुष्पलता देवांगन के साथ-साथ भर्रेगॉव के संकुल समन्वयक महोदय भूपेश कुमार साहू भी सपरिवार सम्मिलित हुए। इस प्रकार बच्चों के लिए यह भ्रमण शिक्षाप्रद, रोमांचक व उत्साहवर्धक रहा।



# अमित गौतम छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के पुनः प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित



राजनांदगांव (दावा)। गत 9 दिसंबर को जांजगीर चांपा जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन का राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं त्रिवार्षिक चुनाव आमसभा का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मेलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के लगभग 25 जिलों से यूनियन के पदाधिकारी सदस्य पहुंचे तो वहीं इस कार्यक्रम का आयोजन यूनियन की जांजगीर-चांपा जिला इकाई के आतिथ्य में एवं जिला अध्यक्ष राजू शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया था।

सम्मेलन के इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर छ ग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, जांजगीर चांपा के विधायक व्यास कश्यप,पामगढ़ की विधायक श्रीमती शेष राज हरबंस, चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, भारत स्काउट गाइड जिला मुख्य आयुक्त जांजगीर चांपा हितेश यादव, भाजपा नेता इंजीनियर रवि पांडेय, नगर पालिका जांजगीर के पूर्व अध्यक्ष रमेश पैंगवार, नगर पालिका जांजगीर के अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, नगर पालिका चांपा के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, यूनियन की जांजगीर चांपा जिला इकाई के अध्यक्ष राजू शर्मा, जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा, केदार सिंह राठौर, राजेंद्र राठौर, जिला महासचिव राघवेंद्र पाठक, अमरीश राठौर सहित अन्य दिग्गज हस्तियां उपस्थित थी।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला इकाई जांजगीर चांपा की ओर से केदार सिंह राठौर ने ि सभी पत्रकार साथियों का स्वागत किया, मंच पर उपस्थित अतिथियों का भी स्वागत यूनियन की ओर से किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन प्रदेश के निर्वाचन हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी अनिल साखरे के मार्गदर्शन में सहायक चुनाव अधिकारियों ने विधिवत प्रदेश अध्यक्ष सहित कुल 28 पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी देते हुए 28 पदों के लिए निर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा की जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अमित गौतम कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एन आर के पिल्लई, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आचार्य, श्रीमती कमलेश सारस्वत, अर्जुन झा, मुन्नीलाल अग्रवाल, घनश्याम शर्मा, प्रदेश महामंत्री कृष्ण कन्हैया गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, प्रदेश सचिव पीके तिवारी, श्रीमती तिलका साहू, विपुल कन्हैया प्रदेश सलाहकार अश्वनी पटनायक, लक्ष्मी नारायण सोनी, राजेश वैष्णव, प्रदेश संगठन सचिव रुपेश श्रीवास, सुशील तिवारी, विजय लाल, रवि कुमार सेन, प्रदेश संयुक्त सचिव विजयलक्ष्मी चौहान, प्रदेश सह सचिव कमल किशोर रोमी सलूजा द्य,प्रदेश सचिव सुनील ना, प्रदेश सलाहकार संजय लिखितकर, प्रदेश संयुक्त सचिव एचडी महंत, प्रदेश सलाहकार शेख मकबूल, प्रदेश सह सचिव मनीष दयाल प्रदेश सह सचिव राहुल सेन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चंद्रशेखर दास वैष्णव निर्वाचित हुए।

इस दौरान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा कि आप सभी के सहयोग से एवं समर्पित भावना से इस यूनियन ने अल्प समय में ही आज पूरे प्रदेश में एक मजबूत संगठन तैयार किया है, तथा आने वाले समय में हम सभी मिलजुल कर इस संगठन को और अधिक ऊंचाइयों की ओर लेकर जाएंगे, वहीं कार्यक्रम के दौरान चांपा के पूर्व विधायक नारायण चंदेल ने पत्रकार जगत को चौथा स्तंभ बताते हुए सम्मेलन के आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जांजगीर चांपा जिले में आयोजन करने पर प्रदेश संगठन का भी आभार व्यक्त किया, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने भी कहा कि आज पत्रकार साथी शासन को एवं समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं तथा सभी निष्पक्ष रूप से अपनी इन जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे।

कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने इस पत्रकार सम्मेलन में जो भी निर्णय लिया है आपके सभी निर्णय को मैं पूरी ईमानदारी के साथ राज्य शासन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा एवं मैं सदैव आपके साथ हूं आप इसी तरह से एकजुटता के साथ कार्य करें।

# खैरागढ़ कालेज में एड्स बचाव संगोष्ठी एवं रैली

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में 13 दिसम्बर 2024 शुक्रवार को छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एड्स दिवस पखवाड़ा आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र साखरे के मार्गदर्शन में हुआ। एड्स बचाव संगोष्ठी एवं रैली में प्रो. सुरेश आडवानी रेड रिबन प्रभारी एवं पूर्व रेडक्रास प्रभारी सेवानिवृत्त जे के वैष्णव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संचालन करते हुए प्रो.आडवानी ने एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक दिसम्बर 24 से 15 दिसम्बर 24 तक एचआईवी एड्स जागरुकता प्रचार प्रसार संगोष्ठी अध्ययन कक्षाओं के माध्यम से एवं रैली आयोजन किया जाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बचाव जानकारी देने कहा। पूर्व रेडक्रास प्रभारी जे के वैष्णव ने एचआईवी/एड्स कैसे फैलता है कारणों को बताया, बचाव हेतु जागरूकता की आवश्यकता को रेखांकित किया। आई सी टी सी क्या है, ए.आर.टी उपचार के बारे में जानकारी देते हुए जान है तो जहान है को बताया। छात्र छात्राओं को भारतीय जीवन शैली अनुरूप संयम, समझदारी नैतिकता, ईमानदारी से जीवन जीने कहा जिससे रोग प्रतिरोधक शक्ति प्राप्त कर नयी किस्म की बीमारी से बचने कहा। संगोष्ठी में काजल वर्मा, ईशा साहु, खुशबू मेश्राम, देविका, संध्या, गायत्री, लाकेश्वरी, विनायक, नरेंद्र वर्मा, साहिल, चुम्मन लाल, डोमेश्वर आदि भाग लिये। छात्र-छात्राओं को एड्स नियंत्रण सोसाइटी के बचाव जागरूकता पाम्प्लेट वितरित किया गया। संगोष्ठी पश्चात एड्स रोकथाम जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, आभार प्रदर्शन शिक्षक यशवंत सोनी ने किया।




# एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा शिक्षा मित्र योजना के साथ विभिन्न संदेशों से किया जागरुक




खैरागढ़ (दावा)। 'मैं नहीं, आप' के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए शासकीय पॉलिटेक्निक खैरागढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने गाड़ाघाट (ग्राम पंचायत झीकादाह) में एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर में पुरुष और महिला इकाई के कुल 60 स्वयंसेवकों ने भाग लेकर समाज सेवा और जनजागरूकता का संदेश दिया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवा और समर्पण की भावना को साकार करता है। शिविर की शुरुआत शासकीय पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष मन्नू कुमार नायक और कंप्यूटर साइंस विभाग के व्याख्याता तेजेश्वर देशमुख द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। स्वयंसेवकों ने एनएसएस के आदर्श वाक्य 'समाज सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास' को ध्यान में रखते हुए पूरे दिन विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया।

इस शिविर में स्वयंसेवकों ने गाँव की प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर और उच्चतर माध्यमिक शालाओं में जाकर कई रचनात्मक और जागरूकतामूलक कार्यक्रम किया। प्राथमिक शाला में स्वयंसेवकों ने शिक्षा मित्र योजना के तहत बच्चों को पढ़ाया। साथ ही, विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ-सफाई की गई और दीवारों की पोताई कर प्रेरणादायक नारों का लेखन किया गया। इन नारों में एक कदम स्वच्छता की ओर, पड़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया और स्वास्थ्य ही धन है जैसे संदेश शामिल थे। शिविर में देसी खेलकूद एवं गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। प्राथमिक शाला के बच्चों के लिए देसी खेल जैसे कितने भाई कितने और आलू दौड़ आयोजित किए गए। इन खेलों ने बच्चों को उत्साह और आनंद से भर दिया। खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रधानपाठक एस आर धुर्वे द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शालाओं में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सुशासन पर मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना, केंद्र और राज्य की छात्रवृत्ति योजनाओं, और एड्स जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश दिया। इन गतिविधियों ने न केवल छात्रों बल्कि ग्रामीणों को भी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। यह शिविर संस्था के प्राचार्य एस. बी. वराठे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह कोर्राम और अंशु प्रीति कुजूर, प्रकाश चंद खरे, आर.एन. गोंड के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित हुआ। शिविर के दौरान गाँव के सरपंच और विद्यालय के प्राचार्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बना दिया। विकास की राह स्वच्छता से, स्वच्छता की राह सेवा से, जैसे नारों को साकार करते हुए स्वयंसेवकों ने ग्रामीण जीवन को संवारने का सराहनीय प्रयास किया। एक दिवसीय शिविर ने शिक्षा, स्वच्छता और जागरूकता के माध्यम से ग्रामीण समुदाय के साथ एनएसएस की सेवा भावना को मजबूती प्रदान की। ग्रामीणों और छात्रों ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की प्रशंसा की और ऐसे आयोजनों की निरंतरता की मांग की।

***राहुल बोले- द्रोणाचार्य ने एकलव्य....***

सिखों के गले काटे और आज अंगूठा काटने की बात करती है। अनुराग ठाकुर ने इंदिरा गांधी के आपातकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय लोकतंत्र की हत्या की गई थी।

0 हाथरस मामले का किया जिक्र- राहुल गांधी ने हाथरस की घटना का जिक्र करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चार साल पहले एक लड़की के साथ गैंगरेप हुआ था, लेकिन आज भी अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। वहीं, पीड़िता का परिवार अपने ही घर में बंद है। राहुल ने यूपी सरकार पर वादा तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीड़िता के परिवार को अब तक रिलोकेशन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह संविधान के खिलाफ है और सरकार की विफलता को दिखाता है।

0 देश संविधान से चलेगा मनुस्मृति से नहीं- राहुल गांधी ने कहा कि संविधान देश की आत्मा है। राहुल गांधी ने कहा कि यह दस्तावेज गांधी, अंबेडकर और नेहरू के विचारों का प्रतीक है। राहुल ने कहा कि संघ और सावरकर की विचारधारा संविधान के खिलाफ है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि देश मनुस्मृति से नहीं संविधान से चलेगा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि यूपी में संविधान नहीं मनुस्मृति लागू है। राहुल गांधी ने कहा कि यह सरकार संविधान की मूल धारणा को खत्म करना चाहती है। विपक्ष संविधान की रक्षा के लिए हर कदम उठाएगा और लोकतंत्र को मजबूत करेगा। 0 हम जातिगत जनगणना करवाएंगे- राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की विचारधारा संविधान की रक्षा करती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को तोड़ेंगे और जातिगत जनगणना को लागू करेंगे। राहुल ने कहा कि सरकार ने गरीबों, दलितों और आदिवासियों के अधिकार छीने हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक और आर्थिक असमानता पैदा कर रही है। राहुल ने कहा कि संस्थानों पर कब्जा कर लिया गया है और अब युवाओं का भविष्य खतरे में है।

## प्रथम पेज का शेष

***सबका साथ सबका विकास....***

स्वार्थ के लिए संविधान हथियार न बनाया जाए। संविधान की भावना के प्रति समर्पण रखते हुए जिनको आरक्षण मिल रहा हो उनसे न छीना जाए। धर्म के आधार पर आरक्षण न दिया जाए। डेवलपमेंट में देश मिसाल बने। राज्य के विकास से राष्ट्र का विकास का मंत्र हो। एक भारत श्रेष्ठ भारत का ध्येय सर्वोपरि हो।

***संभल में प्रशासन ने खोजा ....***

0 संभल में बंद मंदिर खोला गया, अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई- जामा मस्जिद क्षेत्र में शनिवार को बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान 46 साल से बंद भगवान शिव और हनुमान के मंदिर का पता चला। मंदिर को अतिक्रमण कर घरों में तब्दील कर दिया गया था। प्रशासन ने मंदिर को साफ कराया और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। जिला अधिकारी (डीएम) डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान के दौरान एक मंदिर मिला, जिसे अतिक्रमण कर बंद कर दिया गया था। मंदिर की सफाई कराई जा रही है और इसके पास स्थित एक प्राचीन कुएं के ऊपर रैंप बनाया गया था। रैंप हटाने पर कुआं मिला। मंदिर को उसके असली मालिकों को सौंपा जाएगा और अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई होगी। इसके साथ ही पुरातत्व विभाग (एएसआई) से मंदिर की प्राचीनता का पता लगाने के लिए कार्बन डेटिंग कराने को कहा गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्री चंद्र ने बताया कि जांच में पाया गया कि कुछ लोगों ने मंदिर पर कब्जा कर घर बना लिए थे। मंदिर में भगवान शिव और हनुमान की मूर्तियां मौजूद हैं। पहले इस इलाके में हिंदू परिवार रहते थे, लेकिन किसी कारणवश क्षेत्र छोड़कर चले गए। मंदिर को अब साफ कराया जा रहा है और अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। प्राचीन कुएं के बारे में भी जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन ने साफ किया है कि किसी भी धार्मिक स्थल या सार्वजनिक संपत्ति पर अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

***किसान नेता ने पंजाब में ....***

17 किसान घायल हुए हैं- सरवन सिंह पंधेर- शंभू बॉर्डर पर मीडिय से बात करते हुए पंधेर ने कहा, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत सरकार ने 101 किसानों के खिलाफ बल प्रयोग किया। तोपों का उपयोग करके हम पर रासायनिक पानी फेंका गया, बम फेंके गए और आंसू गैस के गोले दागे गए। 17 किसान घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में उचित उपचार नहीं दिया जा रहा है। हम पंजाब सरकार से पर्याप्त उपचार सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं। 16 दिसंबर को पंजाब के बाहर ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा और 18 दिसंबर को हमने पंजाब में 'रेल रोको' का आह्वान किया है। हम सभी पंजाबियों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील करते हैं।

विपक्ष पर भी लगाए आरोप- एक सवाल के जवाब में पंधेर ने संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र में किसानों की चिंताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित नहीं करने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने विशेष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर किसानों से किए गए अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। पंधेर ने कहा, ÷विपक्ष को केवल बयान जारी करके अपनी जिम्मेदारी से नहीं बचना चाहिए। उन्हें हमारे एजेंडे को उजागर करना चाहिए और हमारे मुद्दों पर संसद को उसी तरह से रोकना चाहिए, जैसे वे अन्य मामलों के लिए करते हैं। राहुल गांधी संसद में हमारी चिंताओं को नहीं उठा रहे हैं, जैसा कि उन्होंने हमें आश्वासन दिया था।

# जिले के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत हितग्राहियों को समय पर आवास निर्माण के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास निर्माण के लिए स्वीकृत हितग्राहियों की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में हितग्राहियों को आवास निर्माण में तेजी लाने एवं अप्रारंभ आवास निर्माण के हितग्राहियों ने आवास निर्माण प्रारम्भ करने कहा जा रहा है। हितग्राहियों को समय पर आवास निर्माण पूर्ण करने के लाभ के बारे में बताया जा रहा है। आवास हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन, समस्याओं का समाधान एवं आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं करने वाले हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही आवास निर्माण की समीक्षा एवं हितग्राहियों को आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर निराकरण किया जा रहा है। हितग्राहियों को सामूहिक रूप से निर्माण सामग्री खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही मटेरियल की उपलब्धता में समस्या का समाधान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, उप-अभियंता, आवास एवं मनरेगा योजना के अभियंता के साथ साथ सरपंच, सचिव, रोजगार- सहायक, आवास मित्र अपने-अपने ग्राम पंचायतों में उपस्थित होकर हितग्राहियों को समय पर आवास निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com